तापमान
अधिकतम 33.6 डिग्री
न्यूनतम 24.4 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 4 अक्टूबर 2024

10 1990 से अब तक के बकायदारों को नोटिस


11 छात्रा पूर्वी को शास्त्रीय संगीत स्पर्धा में मिला प्रथम पुरस्कार




# नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मी कर रहे दीगर विभागों में काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगरीय निकायों में प्लेसमेंट कर्मी काम कर रहे हैं लेकिन काम दीगर विभागों में कर रहे हैं। शासन के बिना सहमति के काम करने वाले ऐसे प्लेसमेंट कर्मियों की जानकारी नगरीय प्रशासन विभाग ने मांगी है। ऐसे कर्मियों को उनके विभाग में लौटाए जाएंगे।

अलग खबर

## प्लेसमेंट कर्मियों के भरोसे चल रहे हैं निगम

दुर्ग जिले के अंतर्गत दुर्ग, भिलाई, रिसाली और भिलाई तीन चरोदा निगम आते हैं। इसके अलावा पाटन, धमधा, भिलाई तीन, अमलेश्वर में नगरीय निकाय हैं। इन निकायों में प्लेसमेंट कर्मियों के पद स्वीकृत हैं। इन पदों पर लंबे समय से कर्मियों की नियुक्ति की गई है। जितने कर्मियों को काम पर लिया गया है उतने कर्मी निकायों में कार्य नहीं कर रहे हैं। इसकी जानकारी के बाद नगरीय प्रशासन विभाग हरकत में आया है।

## नगरीय प्रशासन विभाग ने मांगी जानकारी




## नेताओं व दूसरे विभागों में कर रहे हैं कार्य

नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारी निगमों और नगर पालिका और नगर पंचायतों में लिए गए हैं। पिछले पांच साल के दौरान बड़े पैमाने पर इन कर्मियों की नियुक्ति की गई है। वर्तमान में स्थिति यह है कि कोई प्लेसमेंट कर्मी निकायों में ओहदे पर बैठे नेताओं के घर पर काम में लगा दिए गए हैं। बंगले की साफ-सफाई या अपने व्यक्तिगत कार्यालय का काम काज इन कर्मियों से करवा रहे हैं। इसी तरह एक विभाग का कर्मी दूसरे विभाग में काम कर रहा है। यानी उस विभाग में कर्मियों की जरूरत नहीं है लेकिन उससे काम लिया जा रहा है।

## कर्मियों की बन रही सूची

नगरीय प्रशासन विभाग के संयुक्त संचालक के जारी पत्र के बाद निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में प्लेसमेंट कर्मियों की सूची बनाई जा रही है। इस आदेश के बाद निकायों में हड़कंप की स्थिति है। दीगर विभागों व अन्य जगह पर काम करने वालों को वापस बुलवाया जा रहा है ताकि उनकी उपयोगिता को दर्शाया जा सके।

## बढ़ रहा शासन पर वित्तीय भार

नगरीय निकायों में बड़े पैमाने पर प्लेसमेंट कर्मचारियों की भर्ती पिछले सरकार ने की है। जिले सहित प्रदेशभर के नगर निगमों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। निगम के नियमित कर्मचारियों को वेतन देने के लाले पड़ जाते है। तीन से चार महीने तक कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पाता। हड़ताल तक की नौबत आ जाती है। नगरीय क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार पर निर्भरता रही है। मौजूदा हालात को देखते हुए नगरीय प्रशासन विभाग अतिरिक्त प्लेसमेंट कर्मचारियों की जानकारी जुटा रही है। इस जानकारी के बाद निकायों की जरूरत के हिसाब से स्वीकृत पदों पर ही प्लेसमेंट कर्मचारी काम कर सकेंगे।

## नवरात्रि विशेष



### द्वितीय: ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## ग्रेडिंग: 10 कॉलेजों को बी डबल प्लस ग्रेडिंग

# 6 कॉलेजों को नैक से ए ग्रेड छत्तीसगढ़ में यह सबसे ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से संबंध वाले 6 कॉलेजों को नैक मूल्यांकन में ए ग्रेड मिला है। विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ की एक मात्र ऐसी यूनिवर्सिटी है, जिसने यह उपलब्धि हासिल की है। कुछ दिनों पूर्व सम्बद्ध वाले निजी कॉलेज मनसा शिक्षा महाविद्यालय कोहका को 3.13 सीजी पीए अंकों के साथ नैक बेंगलुरू द्वारा ए ग्रेड प्रदान किया है। यूनिवर्सिटी में इस समय साइंस कॉलेज दुर्ग को नैक द्वारा ए प्लस ग्रेड प्रदान किया गया है। जबकि अन्य 5 कॉलेजों में शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी, सेंट थॉमस कॉलेज रूआबांधा, शैल देवी महाविद्यालय अण्डा, समाधान कॉलेज बेमेतरा, मनसा कॉलेज कोहका ए ग्रेडिंग के ग्रुप में शामिल हैं।

हरिभूमि सरोकार

## शिक्षा की गुणवत्ता में होगा सुधार

### 10 कॉलेज ऐसे जिन्हें मिली बी डबल प्लस की ग्रेडिंग

यूनिवर्सिटी से संबद्ध वाले 10 अन्य कॉलेजों को बी डबल प्लस ग्रेडिंग मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी लगातार इस बात के लिए प्रयासरत है कि संबद्धवाले कॉलेजों को नैक से अच्छी ग्रेडिंग मिले।



### परामर्श समिति की महत्वपूर्ण भूमिका

हेमचंद यूनिवर्सिटी में कॉलेजों की ग्रेडिंग के लिए परामर्श समिति भी बनाई है। यह समिति यूनिवर्सिटी से संबद्ध कॉलेजों को सलाह देती है कि वह किस तरह कार्य करें। जिससे उनका ग्रेडिंग सुधार हो। इस समिति में पूर्व अधिकारी डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. प्रीता लाल, डॉ. विकास पंचाक्षरी आदि समय–समय पर विभिन्न महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन संबंधी परामर्श देते हैं।

### कार्यशाला से दे रहे है मार्गदर्शन

यूनिवर्सिटी द्वारा नैक मूल्यांकन को लेकर समय-समय पर कार्यशाला भी आयोजित की जाती है। विगत कई वर्षों में इस विषय पर ऑनलाइन तथा ऑफलाइन कार्यशाला भी आयोजित कर रही है। इसका नतीजा यह हो रहा है कि बड़े पैमाने कॉलेज अपनी सुविधाएं और शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास कर रही है। इससे विद्यार्थियों को भी फायदा पहुंच रहा है।

### बाइनरी मूल्यांकन प्रणाली होगी लागू

आने वाले समय में बाइनरी मूल्यांकन प्रणाली लागू होने जा रही है। नैक द्वारा मूल्यांकन प्रणाली में परिवर्तन संबंधी प्रक्रिया भी प्रक्रियाधीन है। आने वाले वर्षों में नैक बाइनरी मूल्यांकन प्रणाली लागू करने जा रहा है। इसमें महाविद्यालय को ग्रेड के स्थान पर नैक केवल मूल्यांकित अथवा अमूल्यांकित दर्जा प्रदान करेगा। ऐसे समस्त महाविद्यालय जिन्होंने नैक मूल्यांकन नहीं कराया है। उन सभी से आग्रह किया है कि वे शीघ्र नैक मूल्यांकन हेतु प्रयास करें।

### नैक मूल्यांकन है अनिवार्य



हेमचंद विश्वविद्यालय से संबंद्व सभी कॉलेजों में नैक मूल्यांकन अनिवार्य किया गया है। इसलिए कॉलेज प्रबंधकों से हमारी यही अपील है कि वे इसकी तैयारी करें। ग्रेडिंग से अनुदान भी शासन से तय होते है। विद्यार्थियों की गुणवत्ता सुधार की दिशा में यह मूल्यांकन जरूरी रहता है।
**भूपेंद्र कुलदीप**, कुलसचिव

## इंदिरा नगर चरोदा में पुलिस की कार्रवाई

# जुआ खेलते चरोदा एमआईसी मेंबर सहित 16 लोग पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- 2.29 लाख रुपए कैश, तीन कार, तीन स्कूटी और तीन बाइक की जब्ती

खुर्सीपार, जामुल और छावनी पुलिस की संयुक्त टीम ने जुआरियों को पकड़ने के लिए भिलाई-तीन थाना अंतर्गत इंदिरा नगर गार्ड रोड चरोदा में दबिश दी। इससे पहले पुलिस की टीम ने जुआरियों की घेराबंदी की। इसके बाद 16 जुआरियों को दबोच लिया। पुलिस को देखकर जुआरी इधर-उधर भागते नजर आए, लेकिन पुलिस टीम ने लंबे समय से चल रहे इस जुए की फड़ को पकड़ने में सफलता हासिल की। पकड़े गए आरोपियों में भिलाई-चरोदा निगम का एमआईसी मेंबर व जलकार्य प्रभारी एम जानी भी शामिल थे। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपियों ने 2,29,500 रुपए कैश, तीन कार, तीन बाइक, तीन स्कूटी और मोबाइल जब्त किए हैं। बताया गया है कि ऊंची रसूख का धौंस दिखाकर लंबे समय से इस क्षेत्र में बेखौफ होकर जुआ खेला जा रहा था। लगातार पुलिस को इसकी शिकायत मिल रही थी। इसके बाद पुलिस ने पूरी रणनीति बनाकर आरोपियों की घेराबंदी की।

सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इंदिरा नगर चरोदा गार्डन रोड के पास दबिश दी। जुआरियों में पंकज शर्मा संगम चौक चरोदा, आकाश यादव प्रगति नगर, वेंकट रमना जोन 01 रेलवे कॉलोनी, बी. नारायण रेलवे कॉलोनी, अनिल वैध समता कालोनी, गणेश प्रसाद इंदिरा नगर, शैलेष यादव प्रगति नगर, उस्मान अली आदर्श नगर, संजीव कुमार महतो गणेश चौक चरोदा, तुषार सावंत पदुमनगर, ए. सुधाकर इंदिरा नगर, टी. रामेश्वर राव दादर रोड चरोदा, नीलकंठ साहू नूतन चौक भिलाई 3, शैलेन्द्र खरे इंदिरा नगर, एम. जानी जोन 01, एम. नरेश इंदिरा नगर शामिल हैं।

### कॉलेज स्तरीय स्पर्धा 7 तक

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा जनजाति गौरव माह अंतर्गत भाषण एवं पेन्टिंग प्रतियोगिता गुरुवार से शुरू हुई। यह प्रतियोगिता यूनिवर्सिटी से सम्बद्ध वाले सभी महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्रओं शामिल हो रहे हैं। प्रतियोगिता 7 अक्टूबर तक चलेगी।

## चलते ट्रक में लगी भीषण आग



**कुम्हारी ।** गुरुवार की सुबह करीब 6.30 बजे रायपुर से रसमड़ा की ओर आयरन कच्चा लोहा लेकर जा रही बारह चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 08 ए ए 9172 में अचानक आग लग गई और कुछ ही देर में पूरी ट्रक धू-धू करके जलने लगी। कुम्हारी थाना प्रभारी जेआर कुर्रे ने बताया कि घटना खारुन ग्रीन कॉलोनी के करीब जीई रोड की है। ट्रक का टायर गरम हो जाने के कारण पीछे के चक्के में आग लग गई कुछ दूर गाड़ी चलने के बाद जब धुआं निकलने लगा तब ड्राइवर को इस बात का आभास हुआ उसने गाड़ी को सड़क के किनारे लाकर खड़ी कर दिया तब तक गाड़ी में पूरी तरह आग लग चुकी थी। ड्राइवर ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई बारह चक्कों वाली इस गाड़ी के दस चक्के पूरी तरह जलकर खाक हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही कुम्हारी थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और तुरंत इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड के पहुंचने के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

## खबर संक्षेप

### जेम पोर्टल प्रशिक्षण भिलाई में आज

**भिलाई।** जेम पोर्टल से संबंधित प्रशिक्षण भिलाई निगम मुख्य कार्यालय 4 अक्टूबर सुबह 11 बजे दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण सामाग्री खरीदी के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

### शैक्षिक महासंघ की बैठक में हरि व टीकम आमंत्रित



**भिलाई।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की कार्यकारिणी की बैठक 4 व 5 अक्टूबर को भोपाल में रखी गई है। छत्तीसगढ़ से केवल छत्तीसगढ शिक्षक संघ को ही संबंधता प्राप्त है। उक्त बैठक में गत बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन, नई शिक्षा नीति 2020 लागू उपरांत स्कूलों में उचित क्रियान्वयन, शिक्षा गुणवत्ता, शिक्षक समस्या, प्रस्तावों पर चर्चा, कार्य विस्तार वर्ष 2025 , मंडल (क्लस्टर) रचना की समीक्षा, महिला सहभागिता वृद्धि पर चर्चा, शिक्षा भूषण अ.भा. शिक्षक सम्मान प्रदान समारोह, महामंत्री प्रतिवेदन पर चर्चा, संगठनों के सम्पन्न विशेष कार्यक्रमों का निवेदन, आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा होनी है। इस बैठक में छत्तीसगढ शिक्षक संघ से हरि शर्मा एवं टीकम साहू शामिल होंगे।

# नकली जर्दायुक्त गुटखा की फैक्टरी सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

## 85 बोरी गुटखा और मशीनों को किया सील, 10 हिरासत में, मुख्य आरोपी साजिद फरार

भिलाई-तीन थाना अंतर्गत उमदा रोड से लाखों रुपए का अवैध जर्दायुक्त गुटखा पुलिस ने जब्त किया है। मामले में गुटखे से भरी 85 बोरियां और मशीनों को सील किया गया है। साथ ही 10 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मुख्य कारोबारी साजिद फिलहाल फरार है। पुलिस उसकी पतासाजी कर रही है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि उमदा एरिया से फैक्ट्री पर कार्रवाई कर नकली जर्दायुक्त गुटखा तैयार किया जा रहा था। इसके बाद दबिश दी गई। यह कार्रवाई दुर्ग के एसपी जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर की गई।

सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि बुधवार की रात अवैध गुटखा से भरी गाड़ी भिलाई की ओर आने की जानकारी मिली थी। इसके बाद दुर्ग एसपी के निर्देश पर टीम बनाकर रवाना की गई। इस दौरान जामुल थाना प्रभारी कपिल देव पाण्डेय, छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर, खुर्सीपार थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज की टीम ने दबिश दी। पुलिस ने ट्रक सीजी 07 बीके 5038 को रोका। उसकी तलाशी ली। ट्रक में 60 बोरे पानराज ब्रांड का जर्दायुक्त गुटखा था। जब तक अवैध गुटखा सहित वाहन की कीमत करीब 25 लाख रुपए आंकी गई है।



### बरामद माल और मशीन साजिद की

पुलिस ने बताया कि इस मामले में साजिद नामक व्यक्ति की तलाश की जा रही है। उसे गुटखा कारोबार का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। पावर हाउस छावनी कैंप का रहने वाला है। सेटिंग कर अरसे से गुटखा का अवैध कारोबार लंबे समय से चला रहा था। पुलिस कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद फैक्ट्री से तुरंत साजिद फरार हो गया। नकली गुटखा लंबे समय से साजिद के द्वारा शहर में बेचता था। दुर्ग पुलिस ने पहले एक बार साजिद को पकड़ा भी था। उसके बाद भी वह गुपचुप तरीके से नकली गुटखा बनाने का कारोबार करता रहा है। जो लोग पकड़ाए है उनमें ज्यादातर कर्मी है।

### चालक से पूछताछ पर मिली जानकारी

पुलिस ने बताया कि चालक से पूछताछ करने पर आरोपी के बारे में जानकारी मिली। पूरा नेटवर्क का मुख्य आरोपी साजिद खान है। इस रैकेट में उसका एक साथी पंडा नाम सामने आया है। जो ओडिशा का निवासी है। पंडा गुटखे की डिलीवरी का काम करता था। पुलिस पंडा की भी तलाश कर रही हैगुटखा बनाने वाली मशीन को एक लोडर सीजी 07 सीएस 5338 में लोडकर भागने की तैयारी में था। पुलिस ने मौके पर ही उसे पकड़ा। फैक्ट्री के अंदर से 25 बोरी गुटखा जब्त किया गया है।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री

916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
* 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
* टोटल हाल मार्क जेवर
* स्पेशल पर्स, बैग फ्री
* रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

## विधायक रिकेश सेन की मौजूदगी में निकाली गई हितग्राहियों की लॉटरी

# 146 दावेदारों में से 36 लोगों को मिला प्रधानमंत्री आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत रजत बिल्डर्स शांति नगर के 36 आवासों का नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में खुली लाटरी पद्वति से आवासो को आबंटित किया गया। आबंटन के दौरान वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, निगम आयुक्त बजरंग दुबे, एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू स्वयं उपस्थित रहे। सबसे पहले आबंटन की प्रक्रिया के बारे में विधायक एवं आयुक्त द्वारा जानकारी प्राप्त की गई।

### 146 आवेदक थे दावेदार

शांति नगर में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 146 आवेदकों द्वारा आवेदन कर प्रथम किश्त की राशि 10 प्रतिशत जमा किया गया था। इन सभी को लाटरी में भाग लेने के लिए सूचना पत्र जारी किया गया था। इन 36 मकानो में से भूतल के 12 मकान, वरिष्ठ नागरिको एवं दिव्यांगजनो के लिए शासन के नियमानुसार आरक्षित था। भूतल के मकानो के लिए मात्र 6 हितग्राही पात्र पाए गय। सभी 6 हितग्राहियो को लाटरी द्वारा भूतल का आवास आबंटन किया गया। शेष 24 आवासो के लिए 140 आवेदको में से 125 आवेदक उपस्थित थे। जिनका लाटरी द्वारा 21 आवासो का आबंटन किया गया तथा शेष 15 आवेदक अनुपस्थित पाये गये। लाटरी द्वारा आबंटन के पश्चात भूतल पर 6 आवास तथा सामान्य वर्ग हेतु 3 आवास आबंटन हेतु शेष है। शेष आवासो को आगामी तिथि निर्धारण कर विधिवत लाटरी द्वारा आबंटन किया जायेगा।



### विधायक रिकेश ने कहा- सबको मिले आवास ऐसी कोशिश

विधायक रिकेश सेन ने सभी हितग्राहियो को बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान निर्माण का कार्य लगातार चल रहा है। जिन हितग्राहियों का लाटरी नहीं निकला है वे अन्य जगह पर निर्मित मकान के लिए अपनी सहमति देकर लाटरी प्रक्रिया में भागीदार बन सकते है। शासन का प्रयास है मकान सबको मिले, जितना मकान बन रहा है, उसी में से पारदर्शिता के साथ लाटरी हितग्राहियो की उपस्थिति में निकाली जाती है। पुरी प्रक्रिया का फोटोग्राफी एवं लगातार वीडियोग्राफी की जाती है। जिसमे नियमानुसार 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा करने वाले हितग्राही भागीदार बनते है। आबंटन के दौरान निगम तहसीलदार गुरूदत्त पंचभाई, आवास योजना के नोडल अधिकारी डी.के.वर्मा, जोन आयुक्त बी.के.वर्मा, अभियंता अजय सिंह गौर, दीपक देवांगन, प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन आदि उपस्थित रहे।

हरिभूमि पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप

### चौक चौराहों से अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने अपने कक्ष में सभी विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर भविष्य कीआवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए।उन्होंने कहा शहर में विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए पूर्ण करने कहा है।उन्होंने कहा है कि अभी निगम चुनाव भी नजदीक है आचार संहिता लगने से कार्य प्रारम्भ करने में दिक्कत आएगी.इसलिए सभी काम को गति देकर करें.कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखें. विकास कार्यों के लिए जिनका टेंडर हो चुका है उनका कार्यादेश जारी करें.उन्होंने अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराने पर बल दिया.बैठक में अमृत मिशन एवं नाला डायवर्सन के कार्यों को पूर्ण कराने पर जोर दिया। इंदिरा मार्केट में कुआं चौक के पास का शौचालय तोड़कर पिंक शौचालय बनाया जावेगा। गौठान स्थित रोड को भी ठीक करने के निर्देश दिए। शहर में यातायात व्यवस्था बनाये रखने चौक चौराहों से अतिक्रमण हटाने कहा। बोरसी हाट बाजार, गाँधी प्रतिमा, पटेल चौक एवं इंदिरा मार्केट जैसे महत्वपूर्ण स्थानों से अतिक्रमण हटाए जाए। बैठक में आन लाइन प्राप्त शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए। त्योहारी सीजन में चौक-चौराहों पर अतिक्रमण से यातायात में बाधा उत्पन्न होती है जिससे लोगों को भारी असुविधा होती है।

**विडंबना : विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी से मरीज हो रहे हालाकान**

# जिला अस्पताल में स्किन, मेडिकल विशेषज्ञ सहित दर्जनभर पद खाली

**नियमित पदों में भर्ती नहीं, संविदा डॉक्टरों के पीछे फूंक रहे लाखों**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी के चलते मरीजों का अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। भले ही इंफ्रास्क्ट्रचर में करोडो रूपए फूंके जा रहे है। लेकिन विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी से इलाज के नाम पर मरीजों के साथ सिर्फ धोखा हो रहा हैं। जिला अस्पताल में मेडिकल विशेषज्ञ, स्कीन, स्त्रीरोग विशेषज्ञ सहित शिशुरोग सहित दर्जनभर से अधिक पद खाली है।

एकतरफ जहां नियमित विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी है, वही इन पदों में भर्ती करने के बजाय जिला प्रशासन डीएफएफ मद के जरिए नौ डाक्टरों के पीछे मोटी रकम फूंक रही हैं। डीएफएफ के तहत नौ डाक्टरों की संविदा नियुक्ति की गई है। जिनका वेतन नियमित से कई गुणा अधिक हैं। जानकारी अनुसार जिला अस्पताल में मेडिकल विशेषज्ञ के पांच पद स्वीकृत है, जिसमें एक ही नियमित हैं। दो एनएचएम मद से डाक्टर लिए गए है। एक डीएफएफ से है। इसमें एक पद रिक्त है। इसी तरह स्त्रीरोग विशेषज्ञ के पांच पदों में चार नियमित है, वहीं एक अनुबंधित डाक्टर से काम चलाए जा रहे हे।




इसी तरह शिशु रोग विशेषज्ञ के पांच पद में दो नियमित हैं, एक अनुबंधित से काम चल रहा है और दो एनएचएम से संचालित हो रहे है। रेडियोलाजिस्ट के चार पद में एक ही नियमित हैं, इसमें तीन पद खाली हैं। निश्चेतना विशेषज्ञ के चार में एक पद नियमित और एक एनएचएम और एक डीएफएफ से कार्यरत है। जबकि एक पद खाली हैं। सर्जरी विशेषज्ञ के चार में तीन नियमित है और एक डीएफएफ से भर्ती किए गए हें। ईएनटी (नाक, कान व गला) के तीन पद में दो रिक्त है। जबकि इसकी सबसे ज्यादा डिमांड हैं। इसी तरह मनोरोग के दो पद में दोनों रिक्त है, जबकि यह गंभीर विषय से जुडा हैं। इस तरह जिला अस्पताल में स्वीकृत 46 पदों में 13 पद खाली हैं। जिसमें सीनियर सांईटिस्ट, क्लीनिकल माइक्रोबायोलाजिस्ट, क्लीनिकल साइकोलाजिस्ट, फोरेंसिंक विशेषज्ञ पद भी खाली हैं।

### लिखा गया पत्र

जिला अस्पताल में रिक्त पदों को भरने के लिए स्वास्थ संचालनालय को पत्र लिखा गया हैं। वही एक स्किल डाक्टर का अटैचमेंट समाप्त करने की भी मांग की गई हैं।

-डॉ हेमंत साहू,
सिविल सर्जन, दुर्ग

### महिला डॉक्टर से हिचक रहे मरीज

जिला अस्पताल में चर्मरोग के सिर्फ एक ही पद स्वीकृत किए गए है। इस पद में भर्ती नही की गई है। इस बीमारी के लिए एनएचएम से महिला विशेषज्ञ डाक्टर मरीजों का भी इलाज कर रही हैं। ज्यादा पुरूष मरीज होने से महिला डाक्टर से हिचक भी करते हैं। हैरानी तब हो रही है जबकि यहां पदस्थ स्किन स्पेशलिस्ट डां प्रकाश कुमार सिन्हा को अंबिकापुर जिले में वर्ष 2021 से अटैचमेंट कर रखा गया हैं। मंत्रालय स्तर से इस खेल का खामियाजा जिलेवासियों को भुगतान पड रहा हैं।

### एक भी न्यूरो सर्जन और मनोरोग डॉक्टर नहीं

जिला अस्पताल में एक भी न्यूरो सर्जन नही हैं। न्यूरो सर्जन नही होने के कारण जिले के मरीजों को बाहर इलाज करना पड रहा हैं। वही मनोरोग के भी दो पदों में एक भी डाक्टर फिलहाल नही हैं। वही क्लीनिकल साइकोलाजिस्ट भी नही हैं। ऐसे में ज्यादातर मरीज नशा आदि से व्यथित हो रहे है। इसके बाद भी मनोरोग डाक्टरों का अभाव जिलेवासियों को खल रही हैं। ज्यादातर पद रिक्त होने से जिला अस्पताल प्रबंधन को एनएचएम पद से काम चलाना पड रहा हैं।

**सात हजार से वसूलेंगे 18 करोड़ रुपए**

# 1990 से अब तक के बकायदारों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



निगम खाली खजाने को भरने के लिए अब वर्ष 1990 से बकायदार करदाताओं की कुंडली निकाल रही है। जिसमें अब तक सात हजार से अधिक लोगों के लिए डिमांड नोटिस जारी कर दिया गया हैं। जिसमें वर्ष 1990 से लेकर पांच साल तक के बकायादार शामिल है।

इन बकायदारों में सबसे ज्यादा कमर्शियल करदाता है, जो निगम के टैक्स को दत्ता बता रहे है। ऐसे बकायदारों से टैक्स वसूली करने सात हजार नोटिस थमाई की प्रक्रिया गुरूवार से शुरू कर दी गई है। आगामी दिनों अगर टैक्स वसूली नही हुई तो निगम नल कनेक्शन कांटने की भी कार्यवाही कर सकती है। नगरनिगम को इस बार सालाना टैक्स वसूली के लिए तीस करोड रूपए का टारगेट दिया गया है। साल का छः महिला गुजर चुका है। जबकि निगम ने टारगेट के मुकाबले सिर्फ छः करोड 44 लाख रूपए यानि आधी वसूली ही की हैं। ऐसे में निगम के खाली खजाने को भरने बकायादारों पर गाज गिराने की तैयारी हैं। अफसरों ने बताया कि, डिफाल्टर करदाताओ का नल कनेक्शन काटने नगर निगम द्वारा रणनीति बनाई जा रही है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने 60 वार्डो में कर्मचारियों को डोर-टू-डोर करदाताओ से संपर्क करने निर्देश दिए है। सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि, बकायदारों के घर-घर जाकर नोटिस तामिल कराया जा रहा हैं।

### नहीं तो करेंगे सख्ती

अफसरों का कहना है कि, अगर करदाताओं द्वारा नोटिस के बाद भी टैक्स का भुगतान नही करने की स्थिति में संबंधित करदाताओ का मूलभूत सुविधाएं बन्द करने की तैयारी की जा रही है। जिसके तहत पेयजल सप्लाई प्रभावित होने से संबंधित नागरिकों की परेशानी बढ़ेगी। परेशानी से बचने के लिए निगम प्रशासन ने करदाताओ से अपील की है कि, वे जल्द से जल्द अपना बकाया टैक्स का भुगतान करे। आज दिनभर बकायेदारों की नोटिस तैयार किया गया है।

### नहीं तो पर्व में होंगे वेतन के लाले

जानकारी अनुसार सितंबर में नगरनिगम ने सिर्फ अस्सी लाख रूपए की वसूली की है। वही अक्टूबर माह में भी वसूली के लिए दस करोड का टारगेट रखा गया हैं। विगत दिनों ओबीस सर्वे और मतदाता सूची जैसे कार्यों के कारण राजस्व अधिकारियों की ड्यूटी चुनाव में लगी थी, जिसके चलते वसूली प्रभावित होना बताया जा रहा है। आगामी दिनों दीपावाली पर्व है, अगर वसूली मे ढिलाई हुई तो निगम के कर्मियों को फिर वेतन के लाले होना पडेगा। निगम में हर माह तीन करोड से अधिक वेतन जारी होता हैं।

**उपलब्धि**

# प्रदेश का पहला ओडीएफ प्लस मॉडल बना दुर्ग जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत दुर्ग को 15 अगस्त, 2024 को छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम ओडीएफ प्लस मॉडल जिला घोषित जिसके सम्मान में जिला दुर्ग से सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, कलेक्टर दुर्ग को स्वच्छ भारत दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम के आयोजन में नई दिल्ली आमंत्रित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में प्रदेश से 11 अन्य प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। जिसमें सुशीला भट्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष, राजकुमार भट्ट, जिला पंचायत सदस्य, जिला कवर्धा, सुश्री सुरुचि सिंह, मुख्य कार्यपालन, जिला पंचायत राजनांदगांव, पद्मश्री फूलबासन यादव, राजनांदगांव, धनेश्वरी सहित अन्य कार्यक्रम में प्रतिभागी बने। जिला दुर्ग में कुल 300 ग्राम पंचायते एवं 381 ग्राम है, समस्त ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन



■ कार्यक्रम को पीएम नरेन्द्र मोदी ने किया संबोधित

कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जैविक अपशिष्ट के लिए नॉडेप, वर्मी का निर्माण किया गया है, वहीं अजैविक अपशिष्ट के प्रबंधन हेतु सेग्रीगेशन वर्कशेड, घर-घर कचरा एकत्रीकरण हेतु ट्रायसायकल, प्रत्येक गांव में स्वच्छाग्राही स्व-सहायता समुह को संलग्न किया गया है। ग्रे-वाटर मैनेजमेंट के लिये सभी गांव के सार्वजनिक स्थानों, शाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में सोकपिट, किचन गार्डन का निर्माण किया गया है, ग्राम की ऐसे नाली जहाँ अपशिष्ट जल तालाब या अन्य जल स्त्रोतों में जा रहा है।

**परेशानी**

# जिले के 92 गांव में जलसंकट आगे 166 में होगी विकट समस्या

**दुर्ग।** जिले के 92 गांव जलसंकट से जूझ रहा है। वही आगामी दिनों 166 गांव में पानी की विकट समस्या उत्पन्न हो सकती है। सबसे ज्यादा समस्या पाटन ब्लाक में बताया गया हैं। असामान्य वर्षा, भू-जल के अत्याधिक दोहन के कारण घटते भू-जल स्तर, सिंचाई स्त्रोतों के निरंतरता, वर्षा जल को बचाने एवं संरक्षित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा जलशक्ति अभियान ''कैच द रेन'' विषय पर राष्ट्रव्यापि अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अनुक्रम में जिला पंचायत सभागृह में जिले के कृषकों एवं कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों में जागरुकता तथा तकनीकी मार्गदर्शन हेतु नलकूप जल पुनर्भरण विषय पर कार्यशाला का आयोजन 3 अक्टूबर 2024 को किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में सिंचाई के लिए घटते भू-जल स्तर को वर्षा जल के संरक्षण के माध्यम से बाढ़ एवं मिट्टी के कटाव की संभावनाओं को कम करना एवं फसल की



■ सिंचाई जल संकट से निपटने कार्यशाला का आयोजन

विभिन्न अवस्थाओं मे जल आपूर्ति संभव कर फसल उत्पादन में वृद्धि, त्रिफसलीय कृषि के अवसर को बढ़ाना है। कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्वनी देवांगन ने जल संकट का जिले का परिदृश्य बताया कि, 92 ग्राम पंचायत जल संकट से तीव्र रुप से जूझ रहे है एवं 166 ग्राम पंचायत में निकट में जल संकट की विकट स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आगे उन्होंने बताया कि किस प्रकार उक्त स्थिति से नलकूप जल पुनर्भरण के माध्यम से निजात पा सकते है साथ ही उन्होंने उपस्थित कृषकों से आग्रह किया।

**शारदीय नवरात्र की धूम, मां दुर्गा की विधिविधान से की पूजा अर्चना**

**दुर्ग।** शारदीय नवरात्र में 3 से 13 अक्टूबर तक विराट नगर बोरसी दुर्ग में जनजागरण दुर्गोत्सव समिति द्वारा नवरात्र उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा तथा सचिव महावीर साहू ने बताया कि गुरुवार को कलश पूजन सहित विधिविधान से मूर्ति स्थापना की गई।




# नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

दधाना कर पदमाभ्यामक्षमाला कमंडलु।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचरिण्यनुत्तमा।।

नवरात्र पर्व के दूसरे दिन माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा-अचर्ना की जाती है। साधक इस दिन अपने मन को माँ के चरणों में लगाते हैं। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करने वाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएँ हाथ में कमण्डल रहता है।

इस दिन साधक कुंडलिनी शक्ति को जागृत करने के लिए भी साधना करते हैं, जिससे उनका जीवन सफल हो सके और वे अपने सामने आने वाली किसी भी प्रकार की बाधा का सामना आसानी से कर सकें।



मां ब्रम्हचारिणी

माँ दुर्गाजी का यह दूसरा स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनन्तफल देने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम की वृद्धि होती है। जीवन के कठिन संघर्षों में भी उसका मन कर्तव्य-पथ से विचलित नहीं होता।

माँ ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से उसे सर्वत्र सिद्धि और विजय की प्राप्ति होती है। दुर्गा पूजा के दूसरे दिन इन्हीं के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का ध्यान स्वाधिष्ठान चक्र में स्थित होता है। इस चक्र में अवस्थित मनवाला योगी उनकी कृपा और भक्ति प्राप्त करता है।









## खबर संक्षेप



### भोथली में गांधी व शास्त्री जयंती मनाई

**अंडा।** ग्राम पंचायत भोथली में गांधी जयंती मनाया गया वहीं स्वच्छता संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सुरेश कुमार साहू सरपंच व समाजसेवी, गिरवर साहू विधायक प्रतिनिधि, नेशवर सिंह, मुजेवर सचिव, दानी कुमार साहू रोजगार सहायक, कुलेश्वर साहू पंच, सरिता साहू, सरस्वती साहू, ज्योति साहू, कुशल साहू, ईश्वर साहू, उमेश साहू ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### अजीत बंधक श्रम सतर्कता निगरानी समिति के जिला सदस्य नियुक्त

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की अनुशंसा से अंडा



निवासी अजीत चंद्राकर को श्रम विभाग में बंधक श्रम सतर्कता निगरानी समिति के जिला सदस्य के रूप में नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के द्वारा की गई है।

### जिला सतर्कता एवं मानिटिरिंग समिति सदस्य बने गिरेश

**निकुम।** जिला दुर्ग प्रभारी मंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने प्रभार जिला में विभिन्न समितियों में सदस्यों का गठन किया।



जिसमें जिला प्रशासन के जिला स्तरीय सतकर्ता एवं मानीटरिंग समिति सदस्य अंजोरा भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू को बनाया गया। वहीं दुर्ग जनपद स्तरीय सात सदस्य समिति में माधव देशमुख, ओंकार देवांगन, भूपेन्द्र बेलचंदन विकासखड स्तरीय बाल संरक्षण समिति, विकासखंड स्तरीय भारती साहू, ब्लॉक स्तरीय सर्तकता समिति दुर्ग शिव निषाद, पुराण देशमुख, छत्रपाल साहू, यामिनी हरमुख, ऋतुराज पिपरिया, योगेन्द्र दिल्लीवार व श्रम विभाग दिव्या साहू, उप खण्ड निगरानी समिति अथीन पारकर, राम खिलावन यादव, नंदु निर्मलकर, जिला स्तरीय अस्पताल अशासकीय सदस्य लिकेश्वर देशमुख को बनाया गया।

### बच्चों को नवरात्रि पर कराया न्योता भोजन

**निकुम।** स्वामी आत्मांनद एक्सीलेंट अंग्रेजी मिडियम निकुम स्कूल में 'शक्ति पर्व नवरात्रि पर स्कूली बच्चो को निकुम के लोककलाकार लोकेश्वर साहू ने अपने नातिन धात्री साहू के जन्म दिवस पर स्कूल में स्कूली बच्चों को न्यौता भोजन कराया।

## निधन


### डॉ. राजीव पिपरसानिया

**भिलाई।** मकान नंबर 12/ए चंद्रलोक नगर सीएचपीएल, ड्रीम्स होम्स के पास जुनवानी, स्मृति नगर निवासी डॉ. राजीव पिपरसानिया उम्र 67 वर्ष का 3 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. रामदास भागवती के पुत्र व राकेश, स्व. राजेश, संजय, डॉ. नीलम, किरण के भाई एवं अंकित, कृतिका के पिता और देविका, सौरभ के ससुर और अनिका के दादा थे।



### राजेंद्र देशमुख

**भिलाई।** सेक्टर 10 निवासी राजेंद्र कुमार देशमुख (84 वर्ष) का गुरुवार को निधन हो गया। वे सेवानिवृत प्रधान पाठक थे। उनका अंतिम संस्कार रिसाली मुक्तिधाम में किया गया। वे बीएसपी अधिकारी संजय, निलय और आलोक देशमुख के पिता थे।



## अभियान : गांधी और शास्त्री जयंती पर स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम

# साफ-सफाई और रैली निकालकर दिया स्वच्छता जागरुकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत कुथरेल में स्वच्छता पखवाड़ा का समापन जिला स्तरीय आयोजन शाउमा शाला कुथरेल के प्रांगण में किया गया था। स्वच्छ भारत मिशन का कार्यक्रम स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाना था। 2 अक्टूबर गांधी एवं लाल बहादूर शास्त्री की जयंती के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा जिला स्तरीय का कार्यक्रम ग्राम पंचायत कुथरेल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूली बच्चों द्वारा स्वच्छता जागरूकता के लिए गली भ्रम कर जागरूकता संदेश दिया गया। स्वच्छता कार्यक्रम के लिए आस-पास ग्रामीण महिला समूह द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों द्वारा एवं महिला समूह द्वारा दिया गया। किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी पैड कांतीबाला प्रधान मंत्री जन औषधी की संचालिका के द्वारा महावारी स्वच्छता के लिए सेनेटरी पैड देकर जागरूक किया गया। दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर द्वारा कार्यक्रम अध्यक्षता किया गया। साथ में स्वच्छता पखवाड़ा में ग्रामीण जन के साथ स्वच्छता शपथ का दिलाकर स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया गया। स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम पंचायत कुथरेल को जिला पंचायत सीईओ व्दारा सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत कुथरेल सरपंच राजश्री चंद्राकर के द्वारा गांव स्वच्छता कार्यों के लिए पंचायत को उत्कृष्ट सम्मान दिया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, जनपद सदस्य टिकेश्वरी देशमुख, पूर्व सभापति प्रदीप कुमार चंद्राकर, उपसरंच लोमश चंद्राकर, टीकाराम साहू, अजीत चंद्राकर, तारकेश्वर चंद्राकार, चुम्मन चंद्राकर समस्त पंचगण, मितानिन, बिहान समूह के अंतर्गत कार्यरत महिला अध्यक्ष, पीआरपी प्रभा साहू एफएल सदस्य पूर्णिमा साहू, ग्राम संगठन के अध्यक्ष संगीता चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत कुथरेल को जिला पंचायत सीईओ ने किया सम्मानित



### तहसील कार्यालय पाटन में स्वच्छता अभियान चलाकर ली शपथ

**पाटन।** पाटन तहसील कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें तहसील परिषद का साफ - सफाई पाटन एसडीएम लवकेश कुमार ध्रुव ने तहसील कार्यालय में महात्मा गाँधी जयंती और लाल बहादुरी शास्त्री के जयंती में 2 अक्टूबर को परिषद का स्वच्छ बनाए रखने का शपथ दिलाया। नायब तहसीलदार मनोज कुमार रस्तोगी ने तहसील कार्यालय की सफाई की। इस अवसर पर दीपक यादव, भूपेंद्र टंडन, अमर लहरी, दिनेश देवांगन, मोतीलाल सिन्हा, दिलीप, ताराचंद भूयार्य, अनीश खान आदि उपस्थित थे।



### सियान सदन में हुई संगोष्ठी

**कुम्हारी।** सियान सदन कुम्हारी में बुधवार को गांधी एवं शास्त्री की जयंती मनाई गईं। शास्त्री जी व गाँधी के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें स्मरण किया गया। तत्पश्चात संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सियान सदन के अध्यक्ष मुरारी लाल साव ने गाँधी के विचारधाराओं की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उस समय गांधी को देश की जरूरत थी आज देश को गाँधी की जरूरत है वे भले नहीं है किन्तु उनकी विचारधारा उनके कार्य उनकी सोच उनके सिद्धांत जनमानस में व्याप्त है।



## अंचल की खबरें

### अरमरीखुर्द व रिवागहन में लोकार्पण व भूमिपूजन



**जामगांव आर।** अरमरीखुर्द रिवागहन में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। विशेष अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष त्रय लालेश्वर साहू, खेमलाल साहू, लोकमनी चंद्राकर, जनपद सदस्य द्वय झरना साहू, रवि सिन्हा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, किसान नेता भगवान सिंह चंद्राकर, मंडल महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, पूर्व कोषाध्यक्ष नरेश केला, उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, संजय चंद्राकर, भानुप्रिया साहू मंचासीन रहे। ग्राम रिवागहन में लोकार्पण 5 लाख सामुदायिक भवन रिवागहन में सांसद निधि से, कला मंच निर्माण जनपद निधि से हुआ और अरमरीखुर्द मे सेड निर्माण 1.13 निर्माण हुआ।

### सेवा सहकारी समिति कार्यालय फेकारी में आमसभा



**सेलूद।** सेवा सहकारी समिति कार्यालय फेकारी प्रांगण में वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया जिसमें सर्व प्रथम भगवान बलराम व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना के साथ प्रारम्भ की। समिति के आय व्यय का वाचन मोहित कुमार अमृत सहायक समिति प्रबंधक ने किया। समिति के प्राधिकृत अधिकारी एसबी बड़ा शाखा प्रबंधक दिनेश वर्मा, पर्यवेक्षक लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, पारखत साहू, देवेंद्र साहू, पवन पटेल, पूर्व सदस्य ज्योति प्रकाश साहू, संत लाल ठाकुर, किसन लाल साहू, पूर्व उपाध्यक्ष सेलूद समिति डूनेश्वर साहू, अश्वनी साहू, अगेश्वर साहू, प्रेमलाल साहू, कृष्ण साहू, सुरेश यादव, मुकेश वर्मा, नागेश पटेल, वेदप्रकाश साहू, चिमन मानिकपुरी, बिहारी यादव उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन लक्ष्मीनारायण चंद्राकर द्वारा किया गया एवं मंच संचालन रोमन दास वैष्णव सहायक समिति प्रबंधक सेलूद के द्वारा किया गया।

### स्वच्छता नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन



**कुम्हारी।** स्वच्छ भारत मिशन की 10 वी वर्षगांठ के मौके पर एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी में स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत की गई। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम 'स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता' पर केन्द्रित है। जिसमें नगरपालिका अंतर्गत सांसद प्रतिनिधि सुजीत यादव, सदस्य रामकुमार सोनी, अवधेश शुक्ला एवं संस्था के प्राचार्य लता रघुकुमार उपस्थित थे। इस अभियान में छात्रों तथा शिक्षकों द्वारा शाला परिसर की साफ सफाई की गई तथा कचरे हटाएं गए। तृतीय दिवस पर नारा व लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चतुर्थ दिवस में स्वच्छता रैली व स्वच्छता नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के छात्र मधु, तनु, प्रेमदास एवं अन्य विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन दिवस पर अन्य विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान संस्था के प्राचार्य, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामाधार शर्मा एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया गया अंत में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि, छात्रों तथा शिक्षकों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई।

### हिंदू युवा मंच ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**भिलाई।** हिंदू युवा मंच द्वारा हिन्दू धार्मिक त्योहारों पर हो रहे अनावश्यक प्रशासनिक प्रतिबंधों के विरुद्ध जिलाधीश को ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अग्रसेन चौक से कलेक्टरोरेट तक पैदल मार्च निकाल कर किया गया। हिन्दू युवा मंच प्रदेश प्रमुख गोविंद राज नायडू ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि त्योहार हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इन आयोजनों में हम शांति और सद्भावना के साथ अपने रीति-रिवाजों का पालन करते हैं। किंतु, हाल ही में प्रशासन की ओर से विभिन्न प्रकार के हस्तक्षेप और प्रतिबंध देखने को मिल रहे हैं, जो हमारी धार्मिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक अधिकारों का उल्लंघन कर रहे हैं। प्रशासनिक हस्तक्षेप के कारण धार्मिक आयोजनों में बाधा उत्पन्न हो रही है। त्योहारों के दौरान लगाई जाने वाली पाबंदियों, जैसे समय सीमा, ध्वनि प्रदूषण के नाम पर लाउडस्पीकर बंद करना, और शोभायात्राओं पर प्रतिबंध, हमारे धार्मिक आयोजनों की गरिमा को कम कर रहे हैं।

## छात्रा पूर्वी को शास्त्रीय संगीत स्पर्धा में मिला प्रथम पुरस्कार



**जामगांव आर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव खैरागढ़ में आयोजित किया गया। त्रिदिवसीय इस आयोजन में दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा, बेमेतरा, बालोद के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों के 302 छात्राएं और 110 छात्र शिशु वर्ग बाल वर्ग किशोर वर्ग और तरुण वर्ग के छात्र-छात्राओं ने जमकर कस्मकस टक्कर देते हुए अपनी विधा का शानदार प्रदर्शन कर प्रथम पुरस्कार सम्मान प्राप्त करने में सफल रहे। कला संगीत की धरा खैरागढ़ में आयोजित संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर कक्षा पंचम की छात्रा पूर्वी ने शास्त्रीय संगीत में लोगों का मन मोह लिया।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ पत्रकार शिक्षाविद और साहित्यकार का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लोकार्पण समिति छत्तीसगढ़ द्वारा 2 अक्टूबर अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर भिलाई के वरिष्ठ पत्रकार, शिक्षा वृद, साहित्यकार का सम्मान शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। लोकार्पण समिति छत्तीसगढ़ द्वारा प्रतिवर्ष वृद्धजन दिवस पर कार्यक्रम कर हमारे समाज में जिन बुजुर्ग वर्गो ने अपने अनुभव से हम सब का मार्ग दर्शन किया है उन्हे सम्मान देता है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष इस्माईल खान ने कहा कि इस वर्ष से वृद्धजन दिवस पर समिति द्वारा पत्रकारों को जन आश्रय प्रदान करने के साथ उन्हें शासन की योजना से जोड़ने वाला साथ वृद्धजनों को सहायता प्रदान करने वृद्धजन सहायता केंद्र का शुभारंभ किया जा रहा है । जिसमे बुजुर्ग वर्गो के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं , सामाजिक संस्थाओं द्वारा संचालित कार्यक्रमों , पारिवारिक विवाद में कानून की जानकारी सहित अन्य विषयों की जानकारी केंद्र के मध्यम से निः शुल्क संरचना उन्हें दिया जायेगा । इस वर्ष संस्था ने अंतराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस 2 अक्टूबर को भिलाई के वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र सिंह केम्बो 60 वर्षों से पत्रकारिता में, शिक्षाविद और इंदिरा गांधी स्कूल रामनगर के संचालक कांसीनाथ वर्मा, 40वर्षों से कार्य साहित्यकार रियाज गौहर जिन्होंने उर्दू , हिंदी के शायरी में पिछले 30 सालों से सेवा देने वाले शख्शियत का सम्मान किया गया । कार्यक्रम में न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई के महासचिव खिलावन सिंह चौहान, सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंद ओझा, वरिष्ठ पत्रकार डीके पुरवार, अनिल साखरे, उमेश पांडे, अतुल शर्मा सहित भिलाई के सम्मानीय पत्रकार साथी सहित संस्था के सदस्य उपस्थित थे।



- वृद्धजन सहायता केंद्र के मध्यम से नि: शुल्क बुजुर्गो को कल्याणकारी योजना से जोड़ने का कार्य प्रारंभ

## जन योजना अभियान के लिए पतोरा पंचायत का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2025 -26 के लिए ग्राम पंचायत जीपीडीपी विकास योजना निर्माण के लिए 'जन योजना अभियान' 2024-25 का आयोजन 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायत पतोरा में किया गया। भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा दुर्ग जिले से ग्राम पंचायत पतोरा का चयन जन योजना अभियान के लिए किया गया है। जन योजना अभियान के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कार्य योजना का निर्माण कर अपलोड किया जाना है। कार्यक्रम के शुरुआत महात्मा गांधी जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पीत कर महात्मा गांधी के बताए गए रास्तों एवं आदर्शो की जानकारी देकर की गई। सरपंच अंजिता साहू द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत का पीडीआई स्कोर 67 प्रतिशत है, जिसे हमे लक्ष्य के अनुसार 100 प्रतिशत करना है। ग्राम पंचायत के द्वारा 75 साल से ऊपर हमारे गांव के वरिष्ठ नागरिक, हमारे अतीत के धरोहर और भविष्य के मार्गदर्शक जिनके अनुभव की समृद्ध विरासत हमारे गांव की नींव है आप सभी को साल, श्रीफल देकर सम्मान करने का सौभाग्य हमे मिला। जिसमे परमेश्वर साहू, राजेन्द्र वर्मा, खोरबहरा साहू, सुदर्शन साहू, मनहरण साहू, कमलेश साहू, रामचंद्र जांगड़े, बुधारू साहू, चैतराम, सुखवारो, मांगतीन, गीता साहू, ग्वालिन साहू, मानसिंग साहू, झालो साहू, सुशीला, पांचों बाई, सोनिया ठाकुर सहित 110 सम्मानीय वरिष्ठ जनों का स्वागत किया गया। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ग्राम सभा में सभी को शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर सचिव महेंद्र साहू, क्षमा साहू, उपसरपंच घनश्याम साहू, पटवारी प्रमोद श्रीवास्तव, कृषि विस्तार अधिकारी ममता बंजारे, पंच टीका राम देवांगन, तनुजा साहू, रुक्मणी ठाकुर, प्रतिमा, मालती, देवसर देवांगन, संतोष सोनवानी तकेश ठाकुर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जमुना ठाकुर, अहिल्या साहू, इंदिरा साहू आदि उपस्थित थे।



## वन अधिकार समिति के अध्यक्ष बने चंद्रिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

भाजपा के वरिष्ठ एवं कट्टर भाजपाई के रूप में चंद्रिका प्रसाद भट्ट की अपनी एक अलग पहचान है। भाजपा संगठन में कई महत्तवपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन उन्होंने बखूबी किया। संगठन में उनके उत्कृष्ट कार्यों एवं उनके राजनितिक अनुभव को देखते हुए साय सरकार द्वारा



उन्हें महत्तवपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। चंद्रिका प्रसाद भट्ट भाजपा पार्षद को जिला कौशल विकास प्राधिकरण में सदस्य एवं धमधा अनुभाग के वन अधिकार समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके वर्षों के राजनीतिक अनुभव और जनता के प्रति उनकी सेवा भावना को ध्यान में रखते हुए की गई है। यह एक महत्वपूर्ण राजनीतिक नियुक्ति मानी जा रही है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए चंद्रिका प्रसाद भट्ट ने कहा, मैं इस पद के माध्यम से समाज के उस वर्ग की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हूं, जिन्हें सही मार्गदर्शन और समर्थन की आवश्यकता है। अपनी नियुक्ति पर दुर्ग सांसद विजय बघेल, भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, साजा विधायक ईश्वर साहू एवं पूर्व विधायक लाभचंद बाफना सहित सभी वरिष्ठ जानो का आभार माना है।

## बिजनेस साइट

## शिक्षकों और छात्रों ने सफाई कर स्वच्छता का लिया संकल्प



**भिलाई।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 कार्यक्रम के अंतर्गत बीएम कॉलेज, कोलिहापुरी, दुर्ग में गांधी जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने स्वच्छता शपथ लिया। इस अवसर पर कॉलेज की डायरेक्टर भानुमति साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता की शुरुआत स्वयं से और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने से होती है, स्वच्छ वातावरण से सबको लाभ मिलता है। इसलिए मिल जुलकर इस दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित थे।

### पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने नवरात्रि पर्व की दी बधाई

**अंडा।** पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रदेशवासियों को श्रद्धा और भक्ति के पावन पर्व नवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दी है। 3 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे शारदीय नवरात्रि की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा है कि भारतीय संस्कृति में मां दुर्गा की उपासना का अत्यधिक महत्व है। मां दुर्गा शक्ति की अधिष्ठात्री देवी हैं। उन्होंने नवरात्रि के प्रथम दिवस ग्राम कोलिहापुरी में विराजित माँ दुर्गा की पुजा अर्चना में शामिल होकर प्रदेश और क्षेत्र की सुख समृद्धि और ख़ुशहाली की कामना किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य ज्ञानेश्वर मिश्रा, सरपंच ज्वाला प्रसाद देशमुख उपस्थित थे।



### शपथ-पत्र

मैं शपथकर्ता चुकेश्वरी साहू पिता प्रेमलाल साहू उम्र 27 वर्ष, जाति तेली, निवासी ग्राम उमरपोटी तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूं कि :-

1. यह कि, मैं उपरोक्त दिये गये पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरे स्वयं के GNM द्वितीय वर्ष का अंकसूची ग्रेसियस स्कूल ऑफ नर्सिंग अभनपुर जिला रायपुर से प्राप्त हुआ है जो ग्राम-उमरपोटी के घर से कही गुम हो गया है। उक्त मूल अंक सूची को खोजने पर कहीं प्राप्त नही हुआ है और न ही मिलने की संभावना है।
3. यह कि यह शपथ पत्र थाना जामगांव (आर) में GNM द्वितीय वर्ष का मूल अंकसूची गुम हो जाने की सूचना दर्ज कराना है जिसके समर्थन में शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

अतः शपथ पत्र पेश है। **चुकेश्वरी**
**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मै शपथकर्ता सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 1 से 3 तक के संपूर्ण कथन सत्य व सही है अतः आज दिनांक 23.09.2024 को पाटन मे पढ़कर व समक्षकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दी। **चुकेश्वरी**
**सत्यापनकर्ता**

### NAME CHANGE

My old name Satish Bhagat Son of Shri Premlal Bhagat now my old name was converted to be Satish Premlal Bhagat son of Shri Premlal Bhagat, Adress:- House no.15, saket colony, katul bode, Hari Nagar Durg, Chhattisgarh-491001. Hence now all the people call me in future by my new name Satish Premlal Bhagat will be know and recognised.

**Satish Premlal Bhagat**



# बीएफ-5 के स्टोव हीटिंग के लिए नया कोक ओवन गैस बूस्टर उद्घाटित

## ईडी अंजनी ने किया शुरू, ईंधन की खपत में आएगी कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस 5 (बीएफ 5) के स्टोव हीटिंग के लिए एक नए कोक ओवन गैस (सीओजी) बूस्टर को इन-हाउस विशेषज्ञताओं और संसाधनों से स्थापित किया गया है। इसका उद्घाटन 3 अक्टूबर को कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने किया। इस नई सुविधा का उद्घाटन करते हुए।

उन्होंने तकनीकी उन्नति और नवाचार के प्रति सेल-भिलाई की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता ने ऐसे प्रयासों में रणनीतिक दृष्टि के महत्व पर जोर दिया।

यह परियोजना इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस परियोजना में यह बीएफ-5 स्टोव में आवश्यक हॉट ब्लास्ट तापमान को बनाए रखने की क्षमता है, जो ईंधन की खपत और हॉट मेटल के उत्पादन को अनुकूलित करने के लिए महत्वपूर्ण है। सीओजी बूस्टर से मिश्रित गैस के कैलोरीफिक वैल्यू में वृद्धि होने की संभावना है, जिससे ईंधन की खपत में कमी आएगी । उत्पादन लागत में कटौती करने में मदद मिलेगी। इस परियोजना में सुरक्षा पर जोर दिया गया है। इसमें इनलेट और आउटलेट यू-सील्स, प्रवाह नियंत्रण वाल्व और स्वचालन जैसे सुरक्षा उपाय सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करते हैं। फ्लो कंट्रोल वाल्व और आउटलेट गेट वाल्व के साथ सीओजी बूस्टर का स्वचालन, गैस दबाव और तापमान जैसे मापदंडों की निगरानी के साथ, परिचालन दक्षता और सुरक्षा में भी योगदान देता है।बीएफ-5 के स्टोव एरिया में आयोजित उद्घाटन समारोह मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी ए के गजभिये, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तरुण कनरार, समेत विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



### इन हाउस संसाधनों से स्थापित

बीएफ-5 सीओजी बूस्टर को इन-हाउस संसाधनों से स्थापित किया गया है। बीएफ-5 स्टोव हीटिंग के लिए सीओजी बूस्टर की सफल स्थापना और उद्घाटन बीएसपी के सहयोग और तकनीकी प्रगति का प्रमाण है। इस परियोजना से परिचालन दक्षता और सुरक्षा दोनों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है, जिससे प्लांट संचालन के समग्र सुधार में योगदान मिलेगा।

---

**खबर संक्षेप**



### झेरिया सामाजिक भवन का उद्घाटन कल

**भिलाई।** झेरिया समाज अहिवारा परिक्षेत्र की बैठक ग्राम पिटौरा के सरपंच भी उपस्थित में संपन्न हुई। बैठक में ग्राम पिटौरा में सामाजिक भवन के उद्घाटन समारोह पर चर्चा हुई। आयोजन 5 अक्टूबर दिन शनिवार को करने का निर्णय लिया गया। इसमें विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव, अहिवारा के पालिका अध्यक्ष नटवरलाल ताम्रकार प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। आयोजन में सतीश साहू, लिमन साहू, अनुज साहू, अध्यक्ष ठाकुर राम यादव, मंगल यादव, अश्वनी यादव, राजेश यादव, प्रकाश यादव सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। बैठक में आयोजन की तैयारियों पर व्यापक स्तर पर चर्चा की गई।

### पुष्पा ने यूरोकोक ग्लोबल समिट में लिया भाग



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस ने आस्ट्रिया के वियना में आयोजित यूरोकोक ग्लोबल समिट में बीएसपी का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने मुख्य वक्ता के रूप में 'प्रक्रिया सुधार के माध्यम से इस्पात उद्योग में डीकार्बोनाइजेशन पर अपने विचार साझा किया। वे वैश्विक शिखर सम्मेलन के लिए भारत से आमंत्रित एकमात्र वक्ता थीं। पुष्पा एम्ब्रोस ने प्रक्रिया सुधार के माध्यम से इस्पात उद्योग में डीकार्बोनाइजेशन शीर्षक से 'इस्पात, कोयला और कोक में वैश्विक बाजार के रुझान, पूर्वानुमान और अवसरों की खोज' पर अपना भाषण प्रस्तुत किया। इस बात पर जोर दिया कि किस तरह से प्रोसेस इनोवेशन, बेहतर ऊर्जा दक्षता और उन्नत सामग्री उपयोग से, डीकार्बोनाइजेशन को बढ़ावा मिल सकता है। उन्होंने कहा कि हरित तरीकों को अपनाने में तेजी लाने के लिए उद्योग का सामूहिक प्रयास यह साबित करता है कि स्थिरता और लाभप्रदता एक साथ चल सकते हैं।

### सफाई मित्रों के साथ अफसरों ने की सफाई



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया गया। इसका समापन गांधी जयंती को बुधवार को सफाई मित्रों के साथ प्रतीकात्मक सफाई के साथ हुआ। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य और अध्यक्षता बीके गिरी ने की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. एम रविन्द्रनाथ, सेफी के चेयरमैन एन के बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह और सीजीएम उत्पल दत्ता, जीएम केके यादव, प्रशांत तिवारी, डीजीएम आर गर्ग, एजीएम केके साहू, वरिष्ठ प्रबंधक आरके गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक एके बंजारा, व्ही के भोंडेकर, पी एस सिदार, कनिष्ठ प्रबंधक टी एस बरार, उप प्रबंधक मनोज सिंह, मुकुंददास मानिकपुरी, देवानंद चौहान आदि उपस्थित थे।

विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर क्षेत्र में प्रतीकात्मक सफाई की गई। मुख्य अतिथि ने पवन कुमार ने सभी को स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी गई । उन्होंने कहा कि सभी को जागरुक कर सिखाएं की प्लास्टिक का निपटान पृथक करें, ताकि उसको रिसायकल करने के लिए उपयोग किया जा सके। श्री बंछोर ने भी संबोधित किया। उत्पल दत्ता ने स्वागत भाषण व केके यादव ने प्रतिवेदन पढ़ा। कार्यक्रम का संचालन सुप्रियो सेन ने किया और वरिष्ठ प्रबंधक आर के गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

---

**आयोजन : वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह पर स्कूली बच्चों की भाषण प्रतियोगिता**

# खो रही हरियाली और प्रदूषण से विलुप्त हो रही गौरैया व कोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

नन्हे मुन्नों में हरियाली और वन्य प्राणियों के प्रति कितना लगाव, संवेदना और रक्षा को लेकर किस तरह चिंता है, यह देखकर आज पालक और शिक्षक और पर्यावरण से जुड़े लोग विभोर हो गए। लेकिन इससे अधिक खुशी उन्हें तब हुई जब उन्हें इस संजीदा विषय में बड़ों की तरह नौनिहाल की समझ और प्रतिभा दिखी।


भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी और शिक्षा विभाग द्वारा गुरुवार को वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत बीएसपी सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 7 में बीएसपी और नान बीएसपी स्कूलों के बच्चों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वन्य प्राणी और पर्यावरण संरक्षण में हमारी भागीदारी विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रायमरी व मिडिल स्कूलों के करीबन दौ सौ छात्र छात्राओं ने भाग लिया। अधिकतर बच्चों ने अपनी नन्ही उम्र को पीछे छोड़ते हुए कमाल का भाषण दिया । उनकी वक्तृत्व शैली और वन्य जीवों के प्रति लगाव की सभी ने सराहना की । विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागी प्रतिभाशाली बच्चों ने अपने भाषण में कहा कि प्रकृति हमारे लिए ईश्वर का अनूठा उपहार है। हरियाली के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। खूबसूरत मूक वन्य प्राणी हमारे मित्र ही नहीं वरन इको सिस्टम के लिए भी उपयोगी हैं। लेकिन विकास और तस्करी के लिए जंगलों का काटा जा रहा है और वन्य प्राणियों का अवैध शिकार भी हो रहा है। सरकार वन्य संरक्षण नियमों से इनके संरक्षण का प्रयास कर रही है लेकिन सरकार व समाज स्तर पर प्रयास बढ़ाने की जरुरत है। एमजीएम सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 6 के प्रियंका दास ने अपने भाषण में कहा कि पेड़ों से हमें आक्सीजन मिलती है, लेकिन आज वनों को काटा जा रहा है। इससे पर्यावरण संकट बढ़ने के साथ वन्य प्राणियों को भी बेघर किया जा रहा है। वन व वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए सभी को जागरुक होने की जरुरत है।

**सेक्टर 7 स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में दौ सौ बच्चों ने लिया भाग**









### नौनिहालों की दिखी संवेदना व प्रतिभा

बीएसपी स्कूल की आराधना ने कहा कि वन्य प्राणियों की इको सिस्टम को बनाए रखने में महती भूमिका है। लेकिन प्रदूषण से वनों के सिमटने से वन्य जीव कम होते जा रहे हैं। एमजीएम स्कूल के क्लास वन के प्रणय जायसवाल ने कहा कि प्रदूषण बढ़ने व वनों के कम होने से आज कोयल व गौरैया बहुत कम दिख रही है। यही इसी तेजी से यह समस्या बढ़ी तो वह दिन दूर नहीं जब मनुष्य को भी अपना अस्तित्व बचाना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए पर्यावरण व जीव संरक्षण जरुरी है। शंकरा विद्यालय के कबीर रानावत ने कहा कि वन्य जीव संरक्षण में सरकार के प्रयासों के साथ जनभागीदारी भी बढ़ाने की जरुरत है। डीएवी स्कूलसेक्टर 2 की आराध्या ने कहा कि प्रकृति से ही हमारा जीवन सुरक्षित है, इसलिए हमें अपनी धरती व नदियों को लेकर अधिक जागरुक होने होगा। एमजीएम की वीथिका पटेल ने कहा कि मूक वन प्राणियों की रक्षा के लिए सभी तरफ से प्रयास की जरुरत है। प्रतियोगिता में विभिन्न बीएसपी स्कूलों, एमजीएम, शंकरा, डीएवी, मां सारदा स्कूल,मैत्री विद्यानिकेतन व डीपीएस रिसाली सहित दर्जनभर स्कूलों के करीबन दौ सौ बच्चों ने भाग लिया।

### बच्चों का किया उत्साहवर्धन

भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम में विशेष अतिथि बीएसपी के महाप्रबंधक व मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन और प्रिंसिपल रुबी राय बर्मन ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक बीएसपी के सहायक महाप्रबंधक सरोज कुमार झा व एजीएम नितिन कनिकदले थे। कार्यक्रम का संचालन मैत्रीबाग के मैनेजर मृदुल गुप्ता व सुपरवाईजर राजेश शर्मा व आभार प्रदर्शन शिक्षक श्री चौबे ने किया। प्रतिभागी बच्चों को स्वल्पाहार के पैकेट भी दिए गए। डां. जैन ने बताया कि शुक्रवार को इसी स्कूल में सीनियर सेकंडरी स्कूलों के बच्चों के लिए भाषण प्रतियोगता होगी। विजेता प्रतिभागियों को वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह समापन समारोह पर मैत्रीबाग में पुरस्कृत किया जाएगा।

---

# गौरव पेट्रोल पम्प को निगम ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर स्थित ओम शांति ओम चौक के पास स्थित गौरव पेट्रोल पम्प को आयुक्त बजरंग दुबे के आदेश पर सील किया गया। पंप संचालक ने 2011-12 से अब तक संपत्तिकर एवं अन्य कर की राशि निगम कोष में जमा नहीं कर रहा था। उसको संपत्तिकर जमा करने के लिए बार-बार नोटिस भी जारी किया गया था। किन्तु उनके द्वारा अब तक संपत्तिकर की राशि 1636934. निगम कोष में जमा नहीं किया गया। आयुक्त बजरंग दुबे के संज्ञान में जैसे ही आया, उन्होने नगर निगम अधिनियम की धारा 175 के तहत कुर्की वारंट जारी कर पेट्रोल पम्प को सील करने का आदेश दिया। आदेश के परिपालन में जोन राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी अपने दल के साथ गौरव पेट्रोल पम्प पर उपस्थित हुए। उनको देखकर सब आना कानी करने लगे, फिर वही बातें आज नहीं कल करेगें। अभी छूट दे दीजीए, यह सब एक भी नहीं चला। आयुक्त के आदेश का परिपालन हुआ गौरव पेट्रोल पम्प पर नगर निगम का विधिवत ताला चपड़ा लगाकर नियमानुसार सीलिंग की कार्यवाही की गई।

■ 16.36 लाख संपत्तिकर जमा नहीं करने पर कार्रवाई

ज्ञात हो कि जो भी बकायादार संपत्तिकर की राशि जमा नहीं कर रहे हैं उनको निगम द्वारा नोटिस जारी किया जा चुका है। सभी पर कार्यवाही की जावेगी। समय अवधि के अंतर्गत संपत्तिकर की राशि जमा करना अनिवार्य है।कार्यवाही के दौरान अरूण सिंह, दिनेश बेलचंदन, कन्हैया यादव, मंगल जांगड़े, राजेन्द्र सिंह, विष्णु सोनी, गौरकरण कुर्रे, खेमराज आदि सीलिंग की कार्यवाही में उपस्थित रहे।

### रावघाट रेल परियोजना प्रभावित परिवारों के सदस्यों को रोजगार के लिए आफर लेटर सौंपा



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, जो दल्ली-राजहरा से रावघाट रेल लाइन परियोजना के निर्माण में आर्थिक सहयोग कर रहा है, ने रेल-लाइन परियोजना से प्रभावित परिवारों में से 177 लोगों को आईटीआई में प्रशिक्षित कर बीएसपी में रोजगार देने की जिम्मेदारी ली है। रावघाट रेल लाइन परियोजना प्रभावित परिवार के एक सदस्य को गुरुवार को रोजगार के लिए ऑफर लेटर इस्पात भवन में कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरूण कुमार द्वारा प्रदान किया गया। महाप्रबंधक जेएन ठाकुर, उप महाप्रबंधक प्रताप नायक, सहायक महाप्रबंधक सचिन रंगारी व योगेश वर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक वसंत कुमार और अनुराधा साहा आदि उपस्थित थे। अब तक कांकेर जिले से 113 तथा बालोद जिले से 37 लोगों सहित कुल 150 लोगों को आईटीआई प्रशिक्षित करने के बाद सेल-बीएसपी में नियुक्त किया गया है।

### 35 पाव अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**धमधा ।** मुखबिर की सूचना पर ग्राम बिरोदा में लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री करने वाले 1 व्यक्ति को 35 पाव अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ने में धमधा पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी पी डी चन्द्रा ने टीम बनाकर मुखबिर की सूचना पर ग्राम बिरोदा में सुरेंद्र साहू पिता नोहर साहू 22 वर्ष बिरोदा निवासी अवैध बिक्री के लिए अपने बिना नंबर के प्लेटिना मोटर साईकिल के डिक्की में 35 पाव अंग्रेजी शराब भरकर ले जा रहा था जिसे धमधा पुलिस ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी से जप्त शराब की कीमत 4550 रुपये एवं प्लेटिनम मोटर साईकिल की कीमत 75000 रुपये जप्त कर आरोपी को धारा 34(2) आबकारी एक्ट में न्यायालयिन ज्यूडिशियल में दुर्ग भेजा गया। थाना प्रभारी पीडी चन्द्रा, एसआई पेड्रो, आरक्षक उत्तम सोनी, दिनेश डहरिया, प्रशान्त साहू, आलोक जेना, किशोर भगत, अमित वर्मा की विशेष भूमिका रही।

### नवरात्रि पर श्रीमद देवी भागवत कथा शुरू, सांसद बघेल का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग



ऋषभ साउथ सिटी पोटियाकला दुर्ग में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में प्रवचनकर्ता भागवत गोपिकेश्वरी देवी की कथा का रसपान श्रवण किया। आयोजन कर्ता द्वारा प्रतीक चिन्ह, शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि आपने जो डोम शेड की मांग किए उसे पूरा कर लिया गया है जो कुछ ही दिनों में पूरा हो जाएगा।

आगे दुर्ग सांसद विजय बघेल ने शारदीय नवरात्रि पर्व की बधाई देते हुए कहा कि मां जगत जननी दुर्गा की कृपा आप सभी पर बनी रहे। आप सभी के परिवार में सुमती, एकता और खुशहाली बनी रहे।

आगे श्री बघेल ने बताया कि देवी भागवत कथा का रिसाली में भी कथा का श्रवण कर चुका हूं। हम सब को जो प्रेम के बारे में बता रही थी गौ माता भी अपने बच्चों से प्रेम करती हैं हम सभी मिल कर अच्छा वातावरण बनाएंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, धीरज बाकलीवाल महापौर, संजय देशमुख, आदित्य चंद्राकर, नवनीत चंद्राकर, आरती चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित थे।

■ विधायक गजेंद्र ने कहा जल्द पूर्ण होगा डोम शेड

### राखी पर भेजे रक्षासूत्र का पीएम ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की प्रतिनिधि रीना सुनील चौहान को पत्र प्रेषित कर आभार व्यक्त किया है। रीना ने रक्षाबंधन पर रक्षासूत्र और शुभकामना संदेश भेजकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की थी।

जवाब में पीएम हाउस से आभार पत्र आया है। इस पत्र में उन्होंने छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद महतारी वंदन योजना के माध्यम से मिल रही आर्थिक सहायता को महिला स्वालंबन की दिशा में मील का पत्थर बताया था। प्रधानमंत्री ने कहा है कि यह देखना सुखद है कि हमारी नारी शक्ति हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए अपने बड़े - बड़े सपनों को साकार करने में जुटी हुई है।

**कर्मचारियों को प्लांट आने जाने में होगी आसानी**

# खुर्सीपार गेट में जल्द चालू हो रही है एक और गैलरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

भिलाई स्टील प्लांट खुर्सीपार (रोलिंग मिल) गेट की वर्षो से बंद पड़ी गैलरी जल्द लगेगी। इससे प्लांट जाने वाले कर्मचारियों और मजदूरों को सुविधा होगी। बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने नई गैलरी लगाने की मांग की थी।

खुर्सीपार गेट में गैलरी के बंद होने की वजह से कर्मचारियों को ठेका श्रमिकों को संयंत्र के अंदर प्रवेश करने और निकलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था । कर्मचारियों के अवगत कराने पर इस समस्या को लेकर बीएसपी वर्कर्स यूनियन का प्रतिनिधिमंडल ने सीजीएम सर्विसेज एवं सीआईएसएफ के कमांडेंट और महाप्रबंधक आई आर से मिलकर आवाजाही में परेशानी बता समस्या के निदान की मांग की थी। गेट से एक ही गैलरी में दोनों तरफ से घुसने और निकालने के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था । जब फेस रीडिंग बायोमेट्रिक मशीन संयंत्र में तीन माह पहले लगी तो कर्मचारियों को और अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। समस्या को देखते हुए यूनियन के प्रतिनिधिमंडल सीजीएम और सीआईएसएफ के उच्च अधिकारियों से समस्या के निदान की मांग की थी। इसके बाद सीनियर मैनेजर राकेश कुमार के प्रयास से बंद पड़े खुर्सीपारा गेट के गैलरी के सामने बड़े गड्ढे की फ्लोरिंग कर नई गैलरी लगा दी गई । इससे ठेका मजदूरों को सुविधा होगी। यूनियन ने बताया कि जल्द ही खुर्शीपार गेट से चार पहिया वाहनों का आवागमन शुरू करने के लिए प्रबंधन के ऊपर कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर दबाव बनाया जाएगा । मरोदा गेट में हमेशा चारपहिया वाहन आ जा सके इसके लिए प्रयास किया जाएगा ।








# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 4 अक्टूबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129






सर्दियों की तैयारी

लाइव इवेंट

## एफसीआई : हिंदी पर मनोरंजक प्रतियोगिताएं, विजेता हुए सम्मानित



**दुर्ग।** भारतीय खाद्य निगम दुर्ग में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह में मंडल प्रबंधक गोकुल सिंह, सहायक महाप्रबंधक महेश जायसवाल सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। उनके द्वारा हिंदी में अधिक से अधिक कार्य किए जाने हेतु अपील की गई, ताकि राजभाषा विभाग भारत सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। हिंदी पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर समापन समारोह का संचालन शालिनी धाकरे, राजीब कुमार मेहता, निर्भय सिंह चौहान, अनिल झोडे ने किया। राजीब मेहता ने बताया कि एफसीआई में लगातार कार्यशाला और बैठकें आयोजित कर हिंदी भाषा का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रेरित किया जा रहा है। इसका असर देखने को भी मिला है। वर्तमान समय में हिंदी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग भारतीय खाद्य निगम में किया जा रहा है। आने वाले समय में उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में हिंदी के उपयोग को लेकर और अधिक प्रयास किए जाएंगे।

- हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह पर आयोजन

सिटी इवेंट

## होनहार बच्चों को मिली 10 लाख की छात्रवृत्ति



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ ज़कात फाउंडेशन की ओर से प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह सेक्टर-6 जामा मस्जिद कम्युनिटी हॉल में रखा गया। इसमें भिलाई, दुर्ग और राजनांदगांव के कक्षा छठवीं से कॉलेज स्तर तक के होनहार व जरूरतमंद स्टूडेंट की हौसला अफजाई व उनकी पढ़ाई जारी रखने के लिए वजीफा दिया गया। इस दौरान मेहमान ए खुसूसी रिटायर्ड एडिशनल कलेक्टर कदीर अहमद खान ने बच्चों से कहा कि यहां मिलने वाली छात्रवृत्ति से आपकी पढ़ाई आसान होगी, लेकिन इसके साथ ही और ज्यादा मेहनत करना होगा। इससे आगे सफलता आपके कदम चूमे। उन्होंने बच्चों को करियर से संबंधित मार्गदर्शन भी दिया। आयोजन में छत्तीसगढ़ ज़कात फाउन्डेशन ने कक्षा छठवीं से लेकर कॉलेज स्तर तक के कुल 110 स्टूडेंट को कुल 10 लाख रूपए की छात्रवृत्ति दी गई।

### जिन्हें छात्रवृत्ति मिली, उन्हें किया सम्मानित

राज्य स्तरीय एनएसएस अवॉर्ड 2024 में सम्मानित और भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग में पदस्थ प्राध्यापिका डॉ. शबाना नाज़ सिद्दीकी ने इन बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि मेहनत करके आगे बढ़ें और साथ ही उन्होंने कहा कि पढाई और करियर से संबंधित मार्गदर्शन के लिए स्टूडेंट उनसे संपर्क कर सकते हैं। आयोजन में भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग और डॉ. शाह फैसल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

सिटी इवेंट

## नवरात्रि पर केएच मेमोरियल स्कूल प्रांगण में मनमोहक स्टेज



**भिलाई।** नवरात्रि पर केएच मेमोरियल स्कूल प्रांगण में गुरुवार को नवनिर्मित स्टेज का भव्य शुभारंभ किया गया। केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन केके झा ने कलश प्रज्वलित कर नाम पट्टिका का अनावरण किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल विभा झा, डायरेक्टर निश्चय झा, एकेडमिक डायरेक्टर सृष्टि झा सहित अन्य मौजूद थे। उद्घाटन एक सामूहिक गीत माता के सांग से हुआ। नन्हीं स्टूडेंट अमृत कौर ने एक गीत गाया। झा ने कहा कि स्कूल में एक परमानेंट स्टेज की बहुत जरूरत थी। जिस तरह बिना नाक के हमारे चेहरे का कोई अस्तित्व नहीं, इसी तरह बिना स्टेज के स्कूल की कल्पना नहीं की जा सकती। यह स्टेज स्कूल की नाक है। अब यहां के स्टूडेंट्स को प्लेटफार्म मिल गया है। डायरेक्टर निश्चय झा ने कहा कि स्टेज पर एक स्टूडेंट हमेशा अनुशासित रहता है। उसमें अलग तरह का कॉन्फिडेंस रहता है।

● निशुल्क पंजीयन कर प्रतियोगिता जीतने का अवसर, ट्रेनिंग के अब दो दिन शेष

# नवरात्रि आरंभ, हरिभूमि के गरबा आयोजन में उमड़ रही भीड़, छह और सात अक्टूबर को ग्रैंड फिनाले

भिलाई। शारदीय नवरात्र की शुरुआत गुरुवार से हो गई है। जिसके लिए सभी देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। दुर्गा पूजा के साथ ही अब दुर्ग-भिलाई में परंपरागत गरबे की धूम मचेगी। अनेक स्थानों में गरबा-डांडिया की प्रैक्टिस भी कराया गया है। नवरात्र पर्व पर दैनिक हरिभूमि भिलाई और आईएनएच के संयुक्त तत्वावधान में भव्य डांडिया रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन 6 और 7 अक्टूबर तक सेक्टर 8 स्टील क्लब में किया जाएगा। जिसके लिए स्टील क्लब में दोपहर 2 से 5 बजे तक गरबा की ट्रेनिंग ट्रविनसिटी के स्पेशल ट्रेनर्स द्वारा स्टील क्लब सेक्टर 8 में दी जा रही है। ट्रेनिंग के लिए अब मात्र दो दिन शेष बचे हुए है।

### 6 और 7 को स्टील क्लब में होगा ग्रैंड फिनाले

नवरात्रि में हरिभूमि व आईएनएच द्वारा आयोजित डांडिया रास गरबा 2024 का आयोजन 6 व 7 अक्टूबर को सेक्टर 8 स्टील क्लब प्रांगण में होने जा रहा है। जिसमें भक्त मां की आराधना गरबों के माध्यम से करेंगे। नवरात्रि पर इस बार भी ट्विनसिटी पूरी तरह से उत्सव में डूबने को आतुर दिखाई दे रहा है।

### जोर-शोर से चल रही तैयारी

शारदीय नवरात्र के अवर पर दुर्ग-भिलाई में परंपरागत गरबे की धूम मचेगी, वहीं कई स्थानों पर डांडिया-गरबा रीमिक्स की तर्ज पर युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर देंगे। शहरवासी के साथ आयोजक भी इसकी तैयारी जोर-शोर से कर रहे हैं। गरबा को लेकर सभी आयु वर्गों के लोग उत्साहित हैं।

### गरबा सीखने सभी आयु वर्गों में दिख रहा उत्साह

गरबा ट्रेनिंग में रोज सैंकड़ो लोग शामिल हो रहे हैं। ट्रेनिंग सेशन के पांचवें और छठवें दिन डांडिया के नए स्टेप सिखाये गये। कोरियोग्राफर रानी नंदिनी द्वारा कोड़िया स्टेप ट्रेंडिग सांग गलगोटू और थंगट और कपल गरबा के साथ ही गुजरात का पारंपरिक गरबा भवानी, सनेड़ो, डाकला, टिटोड़ो, टिमली आदि गरबा के स्टेप सीखे। नृत्य कला मंदिर रिसाली की डायरेक्टर रानी नंदनी व साई एरोबिक्स क्लासेस के मार्गदर्शन में हरीश किंग्स ऑफ गरबा के हरीश, नृत्य गुरु जानकी राव व तारिका सोनकर द्वारा गरबा के विभिन्न स्टेप्स सिखाएं गए। 5 अक्टूबर को ट्रेनिंग में आने वाले सभी प्रतिभागियों को ग्रैंड फिनाले में शामिल होने के लिए बैच और पास दिया जाएंगे। इसलिए इस दिन ट्रेनिंग में आना जरूरी है।



### ट्विनसिटी के लोगों में दिख रहा उत्साह



ट्रेनिंग प्रोग्राम में लोगों का उत्साहवर्धन करने गुरुवार को भिलाई ननि के एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू, अनू ब्यूटी स्टूडियों नेहरु नगर की संचालक अनू सिंग, टॉप शूज ए मार्केट अतुल महाजन, लेटेस्ट कलेक्शन दुर्ग से नेहा, ओजस महिला समिति अध्यक्ष ललिता सिंह, डेंटल स्पेशलिस्ट डॉ सविता ललित मोहन, महिला पुलिस कांउसलर जया दुबे, संस्कार बुटिक की संचालिका प्रभा गुप्ता, ब्यूटीशियन अनुपमा सोनी प्रगति नगर रिसाली, हरिभूमि ब्रांच हेड मनीष सहारन, ब्यूरो चीफ आलोक तिवारी, रिपोर्टर संगीता मिश्रा, फोटोग्राफर संजय पांडे प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने प्रतिभागियों के साथ मिलकर भवानी गरबा का अभ्यास भी किया। नृत्य कला मंदिर रिसाली से बिट्टू, प्रियल सहित रंगोली आर्टिस्ट आरके भीमा ने सभी प्रतिभागियों को ताल से ताल मिलाने में मदद की। सीजन 9 का ग्रैंड फिनाले 6 और 7 अक्टूबर को सेक्टर 8 स्टील क्लब में शाम 6 बजे से किया जायेगा। इस आयोजन से संबंधित जानकारी के लिए हरिभूमि कार्यालय 0788-4091720 और 9755819129 में संपर्क किया जा सकता है।

### ये हैं सहयोगी

डांडिया महोत्सव सीजन 9 के एसोसिएट पार्टनर कमला मोटर्स गंजपारा दुर्ग, स्पर्श हॉस्पिटल रामनगर, यूटोपिया, अनु ब्यूटी स्टूडियों नेहरु नगर, आरोग्यम हॉस्पीटल, अतुल महाजन, संस्कार बुटिक सेक्टर 7, इनर व्हील क्लब भिलाई स्टील सिटी सदस्य अनामिका रमेश पटेल, अनुपमा सोनी प्रगति नगर रिसाली, कमला मेडिकल सुपेला, लेटेस्ट कलेक्शन महाराजा चौक दुर्ग है।



## संस्कार क्वीन बनी जया और आभा गेम्स व लक्की ड्रा में जीते कई इनाम

**भिलाई।** संस्कार बुटिक द्वारा में संस्कारी क्वीन खिताब प्रतियोगिता वलक्की ड्रा कूपन का समापन एक आयोजन के रुप में खुशनुमा वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम सदस्यों दवरा प्रस्तुत किये गए। साथ ही कई रोचक गेम्स खेलकर उपस्थित महिलाओं ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद की धर्मपत्नी रजनी बघेल, पूर्व पार्षद सेक्टर 10 उपासना साहू, महिला पुलिस काउंसलर आभा शशि, जया दुबे प्रमुख रुप से उपस्थित रही। सेक्टर 7 में विगत 17 सालों से संचालित हो रहे संस्कार बुटिक की संचालिका प्रभा गणेश गुप्ता द्वारा लगातार 5 सालों से 2 महीने तक मानसून ऑफर का एक्जीबिशन बुटिक में लगाया जाता रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी बुटिक में विभिन्न ऑफर्स के अंतर्गत एक लक्की कूपन महिलाओं द्वारा भरा गया गया था। इस दौरान संस्कार क्वीन का खिताब जया दुबे व आभा शशि को दिया गया। कूपन का शुभारंभ रजनी बघेल द्वारा किया गया था। लक्की ड्रा में फर्स्ट प्राईज माइक्रोवेव, सेकेंड बजाज की मिक्सी सहित दस सांत्वना पुरस्कार अमेरिकल टूरिस्टर के बैग, आयरन, सेलो का वाटर बॉटल आदि अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर ब्यूटीशियन अनुपमा सोनी रिसाली, वंदना सोनी, समाजसेविका अनामिका पटेल, माया गुप्ता, सहित अनेक प्रतिष्ठित महिलाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन संगीता मिश्रा ने किया। प्रभा ने बताया नवरात्रि पर्व पर ट्रेडिशनल व इंडोवेर्स्टन ड्रेसेस की कई रेंज उपलब्ध है।





## प्रतिभावान बालिकाएं सम्मानित करियर मार्गदर्शन भी मिला



**भिलाई।** समाजसेवा में अग्रणी संस्थान गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से संजीवनी बालिका आवासीय छात्रावास दुर्ग में निवासरत प्रतिभावान बालिकाओं को एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इसमें सत्र 2021-22,सत्र 2022-23 और 2023-24 में राष्ट्रीय साधन सह-योग्यता छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएस) और सत्र 2022-23 और 2023-24 में लक्षित क्षेत्रों में हाई स्कूलों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठ) में चयनित हुईं। प्रतिभावान बालिकाओं तथा सत्र 2023-24 में अपनी कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जीई फाउंडेशन से प्रदीप पिल्लई ने बालिकाओं को करियर से संबंधित मार्गदर्शन भी दिया। इस अवसर पर सहायक परियोजना समन्वयक गीता शर्मा, धनेश्वरी साहू, आभा शशि और सुचित्रा शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद थे।

सुरों की महफिलः लेजेंड्री गायक बाला सुब्रमण्यम की स्मृति में सदाबहार गीतों की स्वरांजलि

## सच मेरे यार है... जैसे गीतों ने समां बांधा, बाला सुब्रमण्यम के जीवन सफर का किया चित्रण

कार्नर न्यूज





**भिलाई।** कला मंदिर सिविक सेंटर में लेजेंड्री गायक बाला सुब्रमण्यम की स्मृति में सदाबहार गीतों की स्वरांजलि दी गई। बोंगूस इंटरटेनमेंट के डायरेक्टर बी सुग्रीव तथा नीलम्स एजुकेशनल के संचालक नीलम चन्ना केशवलु की अगुवाई में पार्श्वगायक एसपी बालासुब्रमण्यम की स्मृति में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कलामंदिर के खचाखच भरे ऑडिटोरियम में सच मेरे यार है सीजन-4 की शुरुआत संगीत जगत की कल्पनातीत हस्ती स्व. बालासुब्रमण्यम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। बड़ी स्क्रीन पर वीडियो द्वारा पेश की गई। उनकी संगीतमय यात्रा, उनके सदाबहार गीत तथा अस्पताल में बिताए गए अंतिम समय और अंतिम यात्रा में उमड़े जनसैलाब के मार्मिक दृश्य को देखकर ऑडिटोरियम में मौजूद सभी की आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम देर रात तक चला।

### एसपी के सदाबहार गीतों की धूम

संगीत संध्या का आरंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसे बी लिपिका ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच भरतनाट्यम के माध्यम से प्रस्तुत किया। उसके बाद एसपी के गाए 24 फिल्मी गीतों को स्थानीय और अतिथि गायकों ने लय में गाया। इनमें एवी श्रीनिवास, श्रव्या, रमेश, बी चैतन्या, शैलेंद्र नायक, जाह्नवी, आरती, विशाल, वीणा माखीजा, लता, तुषिता, जी समीक्षा, जे ललिता तथा आर जानकी शामिल हैं। उनकी गायकी के दौरान चीयरलीडर्स ने न केवल गायकों को प्रेरित किया, बल्कि दर्शकों का भरपूर मनोरंजन भी किया। इस मौके पर बोंगूस फैमिली ने 'सच मेरे यार है' गीत तथा कर्नाटक शैली की शास्त्रीय गायिका गंटि सरोजा ने एक तेलुगु गीत प्रस्तुत किया।

### 50 से ज्यादा व्यक्तियों का हुआ सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान सांसद विजय बघेल, एसपी जितेंद्र शुक्ला, भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी, आंध्र साहित्य समिति के अध्यक्ष पीवी राव, सचिव पीएस राव, संयुक्त सचिव बीए नायडु, पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान, ओए अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर, समाजसेविका बी पोलम्मा, राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार प्राप्त के शारदा, श्रीधर मट्ठी, जी स्वामी, श्रीनिवास रेड्डी, संजीत, बी पापाराव, डी मोहन राव, राहुल गुलाटी, बी कांताराव, बी जतिन, बी शुभम, पवन केशवानी, आदि नारायण, के अनिल, के लक्ष्मीनारायण एवं प्रभुनाथ बैठा सहित पचास से ज्यादा गणमान्य व्यक्तियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### सांसद ने सुरों की इस महफिल में गाए रफी के गीत

इस अवसर पर इवेंट डायरेक्टर बी सुग्रीव के आग्रह पर सांसद विजय बघेल ने शहंशाह-ए-तरन्नुम रफी साहब के गाए गीत 'तेरे मेरे सपने अब एक रंग हैं' को बहुत ही सुर में गाया। उन्होंने इस यादगार कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बी सुग्रीव की प्रतिभा और नीलम चन्ना केशवलु के प्रयासों की सराहना की। सांसद ने भिलाई के सांस्कृतिक और सामाजिक तानेबाने को लेकर कहा कि इसमें एक अजीब-सी कशिश है, यहां एक बार जो कोई आता है तो उसका दिल यहीं रम जाता है। पहले यह लौह नगरी, फिर खेल नगरी, उसके बाद शिक्षा नगरी, अब यह संगीत नगरी एवं लोक कलाकारों की नगरी बन गई है। भिलाई के बनने का सिलसिला अभी तो शुरू हुआ है, यह थमने वाला नहीं है। भिलाई में अनंत संभावनाएं हैं, हमें इस लघु भारत को हिंदुस्तान के क्षितिज पर पहुंचाना है।

सिटी इवेंट

## पित्र मोक्ष के अंतिम दिन खीर-पूड़ी और बड़ा खिलाया



**दुर्ग।** शहर में पिछले कुछ दिनों से चल रही राम रसोई खासी चर्चा में हैं। इस राम रसोई के माध्यम से 20 रुपए में सात्विक और स्वादिष्ट भोजन प्रतिदिन दिन में एक बार उपलब्ध कराया जाता है। बुधवार को पितर पक्ष के अंतिम दिन राम रसोई द्वारा सामान्य भोजन के अलावा खीर-पूड़ी और बड़ा भी खिलाया गया है। शहर में संचालित सभी 10 जगहों पर एक जैसा भोजन उपलब्ध कराया गया है। राम रसोई के माध्यम से मालवीय नगर, महावीर धर्मार्थ, कालीबाड़ी पद्मनाभपुर, साईं मंदिर कसारीडीह, गायत्री मंदिर संतराबाड़ी, चंडी मंदिर, हनुमान मंदिर सिंधिया नगर, न्यायालय परिसर, सिद्धपुष्ट हनुमान मंदिर मिलपारा सहित अन्य जगहों पर भोजन की व्यवस्थाा की गई। राम रसोई से जुड़े दीपक चोपड़ा ने बताया कि सिर्फ 20 रुपए में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। सात्विक भोजन उपलब्ध कराया जाता है। पितर पक्ष समाप्ति पर खीर-पूड़ी और बड़ा का इंतजाम किया गया था। अन्य त्योहारों पर भी खीर-पूड़ी खिलाई जाती है। इसके लिए जहां कहीं भी हमें सार्वजनिक जगह उपलब्ध कराई जाती है, हम वहां अपनी टीम भेजकर भोजन कराने के इंतजाम करते हैं। राम रसोई का संचालन राधाकृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी द्वारा किया जा रहा है। समिति का नेतृत्व चतुर्भुज राठी कर रहे हैं।

- **शहर के 10 जगहों पर नियमित रूप से आयोजन, जहां प्रतिदिन 1500 से ज्यादा कर रहे भोजन**

**अग्रसेन जयंती समारोह : अग्रसेन भवन दुर्ग, सेक्टर-6 और न्यू खुर्सीपार में निकली शोभायात्रा**

# महाराज अग्रसेन के रथ ने किया नगर भ्रमण, साथ थी माता माधवी और 18 गोत्रों के सजे-धजे बच्चे

**दुर्ग।** अग्रवाल समाज दुर्ग ने बुधवार को सामाजिक सौहाद्र और एकता का परिचय देते हुए महाराजा अग्रसेन जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का जगह-जगह अन्य समाज के प्रतिनिधियों और राजनीतिक व्यक्तियों ने स्वागत किया। महाराज अग्रसेन की आरती उतारकर उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की। यह शोभायात्रा अग्रसेन भवन दुर्ग से बुधवार की दोपहर प्रारंभ हुई। इंदिरा मार्केट मुख्य मार्ग से होते हुए पटेल चौक गंजपारा के पश्चात रुंगटा निवास में यात्रा का समापन हुआ। पूरे मार्ग में शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। समाज के सभी महिला एवं युवा सदस्य अपनी पारंपरिक वेशभूषा से सुसज्जित थे। पुरुषों ने सफेद कुर्ता पजामा एवं महिलाओं ने लाल एवं पीली साड़ी पहनकर शोभायात्रा में भाग लिया। महिला एवं पुरुष सदस्य महाराज अग्रसेन का मंगल गान करते और थिरकते नजर आए। यूथ क्लब के सदस्यों ने शोभायात्रा का नेतृत्व किया। बाइक के पीछे घोड़े में बच्चे बैठकर आगे बढ़ रहे थे। एक विशेष रथ में भगवान अग्रसेन एवं माता माधवी एवं समाज के 18 गोत्रों के आधार पर 20 बच्चे सज धज कर बैठे थे। सबसे अंत में भगवान अग्रसेन के तेल चित्र से युक्त झांकी बनाई गई थी। शोभायात्रा के मार्ग में झंडा एवं बैनर लगाए गए थे।



### आयोजन में समाज प्रमुखों में ये हुए शामिल

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार अग्रवाल प्रांतीय अध्यक्ष अग्रवाल सम्मेलन थे। विशेष रूप से समाज के संरक्षक और सागर होटल के संचालक विजय अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, विमल सक्सेरिया, मुरलीधर अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, कैलाश रुंगटा, अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, ललित सक्सेरिया, मनोज अग्रवाल, संजय गर्ग सहित अन्य मौजूद थे।



### फैशन शो का आयोजन

समाज के 15 वर्ष से ऊपर युवकों के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सभी के त्वरित उत्तर देने की कला से सभी दंग रह गए। 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए फैशन के रंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों के स्टाइलिश एवं पारंपरिक ड्रेस ने सभी का मन मोह लिया। मिनिएचर गार्डन, मारवाड़ी भाषा का ज्ञान आदि स्पर्धा हुई।

### अग्रसेन की झांकी में अग्रोहा धाम की झलक



**भिलाई।** भगवान अग्रसेन महाराज की शोभा यात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गई। अग्रसेन भवन सेक्टर-6 से निकली यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण हरियाणा के हिसार स्थित अग्रोहाधाम की चलित झांकी और 100 फीट लंबा धर्म ध्वज था। इस अवसर पर उद्योगपति विजय गुप्ता, दुर्ग अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, महामंत्री ललित सकसेरिया, मनोज अग्रवाल, विजय अग्रवाल, मनोज मित्तल, भिलाई से संजय रूंगटा, हाइटेक हॉस्पिटल के चेयरमैन मनोज अग्रवाल, अग्रवाल समाज भिलाई के अध्यक्ष बंशी अग्रवाल, महासचिव अनिल अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### न्यू खुर्सीपार में भंडारा



**भिलाई।** न्यू खुर्सीपार के अग्रसेन भवन में अग्रसेन जयंती पर भंडारा का आयोजन किया गया। दोपहर में 3.30 बजे भगवान अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। हाथों में अग्रध्वज लिए महिला, पुरुषों और युवाओं, बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। शाम 7 बजे भवन में अग्र सेवा केंद्र का उद्घाटन आईजी दुर्ग रामगोपाल गर्ग ने किया। महिलाओं ने नृत्य नाटिका के माध्यम से समाज में प्री वेडिंग शूट, बेबी शॉवर, लिव इन रिलेशनशिप जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का संदेश सदस्यों को दिया। इस अवसर पर एक पौध मां के नाम कार्यक्रम के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। समाज के सदस्यों ने सप्ताहभर चले जयंती महोत्सव के कार्यक्रमों की प्रशंसा की। एकजुटता का संदेश दिया। इस अवसर पर समाज के संतोष अग्रवाल, रतनलाल अग्रवाल, शिरीष अग्रवाल, घनश्याम दास, महेश, अशोक, महादेव बंसल, तोता राम, सुंदर गुप्ता आदि मौजूद थे।

स्पोर्ट्स लाइव

## नेशनल में झारखंड क्वालीफाई सेक्टर-1 में खेला गया मैच



**भिलाई।** उदयपुर में 14 से 19 अक्टूबर के मध्य आयोजित होने वाली राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत सेंट्रल जोन से दूसरी टीम के रूप में झारखंड ने क्वालीफाई किया है। सेक्टर-1 स्थित बीएसपी ग्राउंड में झारखंड एवं उत्तराखंड के मध्य मैच खेला गया। झारखंड ने 56 रनों से यह मैच जीता। साथ राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। मैच में झारखंड की टीम ने 15 ओवर में 115 रन बनाए। कप्तान मनीष कुमार ने ताबड़तोड़ 60 रन की पारी खेली। विकास यादव ने 26 रन का योगदान दिया। उत्तराखंड के गेंदबाज नवीन रावत ने तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी करने उतरी उत्तराखंड की टीम ने 59 रन ही बनाए। पूरी टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। सुभाष सिंह ने 19 एवं नरेंद्र सिंह ने 13 रन बनाए। झारखंड के गेंदबाज विकास यादव ने तीन विकेट, अमन कुमार ने दो विकेट लिए। मैच के अंपायर हरिशंकर यादव एवं हिमाचल साहू थे। स्कोरर विनोद देवघरे एवं ए तिवारी, कॉमेंटेटर एस मनमद राव थे। इस मैच के दौरान डीसीसीआई( डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ़ इंडिया) के सचिव रवि चौहाण, धीरज हाडे, संजय भोस्कर, छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अरुण श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, एवं सचिव श्रीमंत झा, कृष्ण मूर्ति उपस्थित थे।

- **उदयपुर राजस्थान में 14 से 19 अक्टूबर के मध्य आयोजित है दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता**

### छग की टीम ने पहले ही क्वालीफाई किया

बता दें कि भिलाई में ही सेंट्रल जोन दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता में अंकों के आधार पर छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पहले ही क्वालीफाई कर लिया है। प्रतियोगिता राजस्थान के उदयपुर में 14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर के मध्य होननी है। दिव्यांग क्रिकेट टीम छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह एवं सचिव श्रीमंत झा ने यह जानकारी दी।

**भोरमदेव में तितलियों का संसार**

## तितली सम्मेलन: 6 नई सुंदर और आकर्षक प्रजातियों की खोज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम स्थित भोरमदेव वन्यजीव अभ्यारण्य (कवर्धा वनमंडल) में प्रथम तितली सम्मेलन का आयोजन किया गया। राज्यों के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। तितलियों की पहचान करने वनमंडल ने अभ्यारण्य के अंदर 10 ट्रेल बनाए थे। 3 दिन तक चलने वाले तितली सम्मेलन में कुल 87 प्रकार की तितलियों की पहचान की गई। भिलाई से पहुंचे वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर अनूप नायक एवं कमलेश वर्मा ने बताया कि इसके पहले कुल 116 तितलियां पहचान गौरव निहलानी द्वारा की गई थी, जिन्होंने तितलियों की पहचान के लिये बटरफ्लाई ऑफ भोरमदेव की पुस्तक भी लिखी है। इस सम्मेलन के दौरान 6 और नये प्रकार की तितलियों की पहचान भोरमदेव अभ्यारण्य में की गई, जिनमें पॉइंटेड सिलियेट ब्लू, कॉमन बूश हॉपर, मूरे ऐस, रिस्ट्रिक्टेड डिमोन, लॉंग ब्रांडेड बुश ब्राउन एवं डार्क वांडरर है। अनूप नायक ने यह भी बताया कि भोरमदेव अभ्यारण्य में अपने खास पत्ती नुमा जैसे दिखने वाली तितली,ऑरेंज ओकलिफ़ के लिये प्रसिद्ध है। इसका छलावरण के कारण यह शिकारियों से बचे रहती है। जिसे देखने के लिये देश के विभिन्न राज्यों से तितली एक्सपर्ट आये हुवे थे। अंकित कुमार पाण्डेय, अधीक्षक, भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा ने बताया कि तितली प्रेमियों को पहली बार भोरमदेव अभ्यारण्य की विविध तितलियों के दर्शन का अवसर प्राप्त हुआ। अभ्यारण्य की समृद्ध तितलियों की विरासत और विविधता का आलोक दुनिया के समक्ष प्रदर्शित होगा। शशि कुमार, वनमंडलाधिकारी कवर्धा ने कहा कि भोमरेदव अभ्यारण्य में तितलियों का सर्वेक्षण का यह प्रथम संस्करण है। आगे और भी तितलियों एवं अन्य वन्यजीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किये जायेंगे। उन्होंने इस कार्यक्रम में प्रत्यक्ष एवं प्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालें समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण एवं प्रतिभागियों को बधाई दी।



### सिकलिन मरीज को ब्लड देकर बचाई जान

**दुर्ग।** गुरुवार को जिला चिकित्सालय दुर्ग में भर्ती सिकलिन मरीज मोनिका निषाद को ब्लड की जरूरत थी। देवरी विनायकपुर निवासी गिरीश साहू ने एबी नेगेटिव ब्लड देकर मोनिका की जान बचाई। इस अवसर पर ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. अविनाश, नर्स तरूणा रावत, काउंसलर टीएस एंथोनी आदि मौजूद थे।



**गांधी चौक का पुनर्निर्माण**

## सबसे पुराना चौक संवरेगा मेघ गंगा ग्रुप ने ली जिम्मेदारी



**आयोजन में विधायक गजेंद्र यादव और महापौर धीरज बाकलीवाल हुए शामिल**

**दुर्ग।** पूरा शहर जिस चौक में लगी 5 कंडिल से रोशन होता था, वह चौक समय से साथ काफी तंग हो चला है। बाजार का मुख्य हिस्सा होने की वजह से 24 घंटे यहां आवागमन बना रहता है। गलियां सकरी हो गई हैं। यहां से गुजरना लगातार परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। इन परेशानियों को दूर करने और गांधी चौक से संवारने मेघ गंगा ग्रुप ने दुर्ग निगम के साथ मिलकर शहरी नवाचार की दिशा में प्रयास शुरू किया है। मनीष पारख के प्रयासों से इसकी शुरुआत संभव हो पाई है। बुधवार को गांधी जयंती पर इसे लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चंद्राकर, एमआईसी मेंबर अब्दुल गनी, मनीष पारख प्रमुख रूप से मौजूद थे। यादव ने मोर शहर, मोर जिम्मेदारी अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सरकारी या निजी संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हम सभी का कर्तव्य है। हम अपने शहर को सुंदर और सुव्यवस्थित बनाए रखें। गांधी चौक का पुनर्निर्माण जो कि मनीष पारख और उनकी टीम के सहयोग से हो सका है, यह इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। धीरज बाकलीवाल दुर्ग ने कहा कि यह परियोजना दुर्ग शहर की पहचान को और भी उजागर करती है। हमारे शहर के प्रतीक स्थल को पुनः संवारकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक शानदार धरोहर छोड़ रहे हैं।

### संस्था ने हमेशा सामाजिक दायित्व को प्राथमिकता दी : पारख

मेघ गंगा ग्रुप के फाउंडर मनीष पारख ने कहा कि हमारे समूह ने हमेशा सामाजिक दायित्वों को प्राथमिकता दी है। चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, या बुनियादी सेवाओं के क्षेत्र में हो, हम अपने शहर की बेहतरी में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गांधी चौक का पुनर्निर्माण हमारी इसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। अब यह स्थान न केवल खूबसूरत दिख रहा है, बल्कि यहां का यातायात भी काफी बेहतर होगा। यह एक बेहतरीन कदम है। इस तरह के विकास कार्यों से दुर्ग शहर को नई पहचान मिलेगी। अविश एडुकॉम शिक्षा के क्षेत्र में एनिमेशन, वीएफएक्स, ग्राफिक्स और फैशन एवं इंटीरियर डिजाइन के कोर्स प्रदान करता है। लाइफकेयर डायग्नोसिस हेल्थ सेक्टर में योगदान दे रहा है।

समाज इवेंट

## छत्तीसगढ़ सरकार गोमाता को दे राजमाता का दर्जा : संजय बोहरा



**दुर्ग।** राष्ट्रीय भाजपा गोवंश प्रकोष्ठ के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य समाजसेवी संजय बोहरा ने छत्तीसगढ़ शासन ने मांग की है कि वह गोमाता को राजमाता का दर्जा प्रदान करे। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार को पत्रकर लिखकर यह मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भाजपा शासित राज्य उत्तराखंड और महाराष्ट्र में इसे लागू किया गया है। महाराष्ट्र में मूल आबादी के 27 प्रतिशत से अधिक मतदाता गैर हिंदू धर्म के अनुयाई हैं। ऐसे राज्य में देसी गाय को राज्य माता का दर्जा की घोषणा मंत्रिमंडल सदस्य उप मुख्यमंत्री देवेंद्र ने दी है। बोहरा ने कहा कि हमें भी मंत्रिमंडल की बैठक में निर्णय लेकर शीघ्र से शीघ्र देसी गोवंश को राज्य माता का दर्जा दिलाने के लिए प्रयास करना चाहिए। उसके संवर्धन और संरक्षण हेतु प्रयास करना चाहिए। भाजपा नेता संजय बोहरा ने राज्य में संचालित गौशाला पुणे उत्थान और हित में कार्य कर उनके कार्य में सहयोग शासन प्रशासन नियमित तौर पर दे राज्य में देसी गाय को राज्य माता का दर्जा प्राप्त होने से हमारी कमजोर देसी गाय, अपंग, कमजोर बीमारू गोवंश को मारने पर रोक लगेगी।

**मंदिर में 12 अक्टूबर तक नवरात्र पर्व की रहेगी धूम, पहले दिन उमड़े भक्त**

# सजा मां का दरबार, सतरुपा शीतला मंदिर में अमेरिका इटली के भक्तों के नाम से मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित

कार्नर न्यूज

**दुर्ग /भिलाई।** शारदीय नवरात्र गुरुवार से शुरू हो गया। इसके साथ ही माता के दरबार और देवालयों में विशेष साज-सज्जा का दौर पूरा हो गया है। दुर्ग के प्राचीन मंदिरों में चंडी मंदिर, शीतला मंदिर बैगापारा, कंकालिन मंदिर, लंगूरवीर मंदिर, शीतला मंदिर सुपेला, बैकुंठधाम सहित अन्य मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई हैं। इन सभी जगहों पर मनोकामना ज्योत स्थापित किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में भी माता प्रतिमा के स्थापना और मंदिरों में ज्योत-जंवारा स्थापित किए जाने की तैयारी की जा रही है। इधर सिविल लाइन दुर्ग के सतरुपा शीतला मंदिर में 1551ज्योत प्रज्जवलित किए गए। इटली और अमेरिका में रह रहे माता के भक्त के नाम पर भी ज्योति कलश स्थापित किए गए है।




### 117 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित



**भिलाई।** प्रगति नगर रिसाली भिलाई स्थित परमेश्वरी मंदिर में क्वांर नवरात्रि के अवसर पर 144 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित किए गए हैं। नवरात्रि के प्रथम दिन अभिजीत मुहूर्त में माता परमेश्वरी की विधिवत पूजा अर्चना कर ज्योति कलश की स्थापना की गई। देवांगन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, विनोद देवांगन, गजेन्द्र देवांगन, उपाध्यक्ष रेशमलाल देवांगन, दिनेश देवांगन, सहसचिव गण गोवर्धन देवांगन, होमलाल देवांगन, मंदिर प्रभारी राजू देवांगन, भवन प्रभारी सत्यपाल देवांगन, हेम कैलाश देवांगन, राजेन्द्र लिमजे आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित थे।



### भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक आयोजन

मंदिर प्रांगण में हर दिन भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक आयोजनों की तैयारी की गई है। गुरुवार को शुभ मुहूर्त पर 11.30 बजे मनोकामना ज्योत प्रज्जवलन हुआ। 5 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत जिला बालोद के ग्राम मोखा निवासी प्रसिद्ध लोकगायक युगल किशोर साहू द्वारा निर्देशित कारी बदरिया कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। पंचमी पर 8 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे प्रसिद्ध कलाकार भूपेन्द्र यादव ग्राम करमतरा जिला खैरागढ़ द्वारा जस झांकी की प्रस्तुति दी जाएगी। अष्टमी पर 11 अक्टूबर को शाम 4 बजे हवन-पूजन के पश्चात माता स्वरुप कन्याओं को सामुहिक भोज करवाया जाएगा। नवरात्र के समापन पर 12 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे ज्योति कलश की विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू ने बताया कि तैयारी अंतिम दौर में पहुंच चुकी है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट में केरल और छत्तीसगढ़ ने जीते अपने मैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ कप-सीनियर वुमेंस टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 का आयोजन 27 सिंतबर से जारी है। इसके अंतर्गत गुरुवार को दो मैच खेले गये। सुबह 9 बजे से आर डी सी ए ग्रांउड में पहले मैच में बंगाल के विरुद्ध केरल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। केरल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 123 रन बनाये। केरल की दृष्या ने 34 रन तथा कप्तान शांति टी ने 33 रन बनाये। साथ ही अखिला ने 24 रनों का योगदान दिया। बंगाल की ओर से कप्तान शाइका इशाक ने 2 विकेट प्राप्त किये। 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगाल वुमेंस की टीम 19.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 106 रन ही बना सकी। बंगाल की ओर से प्रियंका बाला ने सर्वाधिक 28 रन नाबाद तथा तनुश्री सरकार ने 20 रनों योगदान दिया। वही केरल की ओर से मृदुला ने 4 विकेट तथा विनया ने 3 विकेट प्राप्त किये। मृदुला को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। केरल ने 17 रनों से मैच जीत लिया। दोपहर 1 बजे से दूसरे मैच में छत्तीसगढ ब्लूज के विरुद्ध आंध्र प्रदेश वुमेंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। आंध्र प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 10 विकेट खोकर 101 रन बनाये। आंध्र प्रदेश की ओर से पुष्पलता ने सर्वाधिक 23 रन बनाये। साथ ही दुर्गा ने 16 तथा श्री चरनी ने 16 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ ब्लू की ओर से कृति गुप्ता ने 4 विकेट तथा सलोनी डंगोरे ने 2 विकेट प्राप्त किये। 102 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ ब्लू वुमेंस की टीम ने 15.4 ओवरों में 1 विकेट खोकर 105 रन बना लिये तथा मैच आसानी से अपने नाम कर लिया। छत्तीसगढ ब्लू की ओर से ऐश्वर्या ने नाबाद 54 रन तथा कृति गुप्ता ने नाबाद 44 रनों योगदान दिया। वही आंध्र प्रदेश की ओर से पदमजा ने 1 विकेट प्राप्त किये। कृति गुप्ता को 44 रन तथा 4 विकेट के लिये प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त हुआ। छत्तीसगढ ब्लू ने 9 विकेट से मैच जीत लिया।

### राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट के लिए चयन शिविर भिलाई में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दिव्यांग क्रिकेट के खिलाड़ियों को अधिक अवसर देने उनमे प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु उदयपुर जाने वाले अन्य खिलाड़ी का चयन एवं शिविर 5 अक्टुबर 2024 को दिव्यांग ग्राउंड,सेक्टर-10 भिलाई में प्रस्तावित है। यह शिविर डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट कौंसिल ऑफ इंडिया (डी.सी.सी.आई) के नियमानुसार किया जाना है। इस प्रक्रिया से चयनित खिलाड़ी उदयपुर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट टी-20 टूर्नामेंट में प्रतिभाग लेकर अपना खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। विगत दिनों सेक्टर वन क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित हुए सेंट्रल जोन दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट में रैंकिंग के आधार पर छत्तीसगढ़ टीम को राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया गया जिसके उपरांत संस्था के अध्यक्ष डॉ अरुण श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ के दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी को सिलेक्शन कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया है।

### राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में भाग लेंगे प्राची और जेश



**रायपुर।** 50 वी महिला राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में राजधानी रायपुर की चेस शाला एकेडमी से प्राची यादव एवम जेश केशरवानी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। तमिलनाडु के कराईकुड़ी जिले में 3 से 13 अक्टूबर तक होने वाली प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियों के अलावा राज्य से हिमानी देवांगन, चरणजीत कौर व इच्छा साहू भी भाग ले रहीं हैं।

यह स्पर्धा अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के द्वारा तमिलनाडु में आयोजित है। चेस शाला के संचालक रोहित यादव ने बताया कि इस उपलब्धि के साथ ही इस वर्ष एकेडमी से ही हेतांशी मुदलियार श्रीलंका में आयोजित अंडर-12 कॉमनवेल्थ चेस चैंपियनशिप (बालिका वर्ग) खेलकर आई है। प्राची पिछले साल एशियन जूनियर चैम्पियनशिप खेली है तथा ईस्ट जोन यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में ब्रॉन्ज मेडलिस्ट है। वह व्यक्तिगत टॉप टेबल पर ज्वाइंट पॉइंट गेनर रही हैं ।

### लगातार आ रही हार्ट अटैक से मौत की खबरें, युवा अधिक चपेट में

# पिछले पांच साल में ज्यादा बढ़ गए हैं हार्ट अटैक के मामले, विशेषज्ञों ने बताई इसकी खास वजह

हृदय रोगों का खतरा वैश्विक स्तर पर बढ़ता हुआ देखा जा रहा है, कम उम्र के लोग यहां तक 20 से कम आयु वालों में भी इसका जोखिम देखा जा रहा है। आप भी अक्सर हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट की घटनाओं के बारे में सुनते-पढ़ते होंगे। हाल के वर्षों में ऐसी खबरें अधिक सुनने को मिल रही हैं। गुरुवार (तीन अक्तूबर) को भी ऐसा ही मामला सामने आया जिसमें जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री और सुरनकोट से भाजपा उम्मीदवार सैयद मुश्ताक अहमद बुखारी का हार्ट अटैक से निधन हो गया, वह 75 वर्ष के थे। इससे पहले मंगलवार (एक अक्तूबर) को हैदराबाद में एक शोरूम में खरीदारी करते समय 37 वर्षीय व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। हार्ट अटैक को लेकर सामने आ रहे आंकड़े काफी डराने वाले हैं। नेशनल सेंटर फॉर हेल्थ स्टैटिस्टिक्स (एनसीएचएस) के आंकड़ों के अनुसार, साल 2019 में 18 से 44 वर्ष की आयु के केवल 0.3% अमेरिकी वयस्कों को दिल का दौरा पड़ा था। इस आयु वर्ग में हार्ट अटैक के मामले अभी भी दुर्लभ माने जाते हैं, हालांकि पिछले चार-पांच वर्षों में इसमें काफी वृद्धि हुई है।



### युवाओं में बढ़ रहा है खतरा

एनसीएचएस डेटा से पता चलता है कि वृद्ध लोगों में दिल के दौरे कहीं अधिक आम माने जाते रहे हैं, पर कई कारणों से युवा आबादी भी इसका शिकार होती जा रही है। कोलंबिया विश्वविद्यालय में हृदय रोग विशेषज्ञ और महामारी विज्ञानी डॉ. एंड्रयू मोरन कहते हैं, दुनियाभर में बढ़ते हार्ट अटैक और हृदय रोगों के मामलों के लिए मोटापा की समस्या को एक कारक माना जा सकता है। वैसे तो मोटापा का समस्या सभी आयु वर्ग के लोगों में देखी जा रही है पर युवा आबादी में इसका जोखिम ज्यादा बढ़ गया है।

### महामारी के दौरान बढ़ गया जोखिम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कोरोना महामारी ने कई तरह से हृदय स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन में लोगों की शारीरिक निष्क्रियता बढ़ी, जिसने मोटापा और इसके कारण हृदय स्वास्थ्य की समस्याओं को बढ़ा दिया है। इसके अलावा कई अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि कोविड-19 ने हृदय प्रणाली को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। संक्रमण का शिकार रहे कई लोगों में मायोकार्डिटिस की समस्या देखी गई है। हृदय की मांसपेशियों पर वायरस के दुष्प्रभावों ने क्रोनिक हृदय संबंधी मामलों को जन्म दे दिया है।

### डरा रहे हैं आंकड़े

एक अध्ययन में पाया गया कि कोविड महामारी के पहले दो वर्षों के दौरान 25 से 44 वर्ष की आयु के लोगों में दिल के दौरे से होने वाली मौतों की संख्या अपेक्षा से 30% अधिक थी। इसी तरह से एक अन्य अध्ययन में पाया गया है कि यूएस. में हर 100 में से चार लोगों में कोविड से ठीक होने के एक वर्ष में दिल से संबंधित कोई न दिक्कत हुई है।

बढ़ते जोखिमों को देखते हुए हृदय रोग विशेषज्ञों ने कहा, हमें मोटापा और उच्च रक्तचाप जैसे जोखिम कारकों पर ध्यान देना होगा, जो युवा वयस्कों में हृदय रोगों का खतरा बढ़ा रहे हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

अमर उजाला से बातचीत में अपोलो हॉस्पिटल में कार्डियक सर्जन डॉ निरंजन हिरेमथ कहते हैं, हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट के मामले पहले भी होते रहे हैं पर अपेक्षाकृत अब इसकी रिपोर्टिंग ज्यादा है। निश्चित ही कोरोना महामारी ने हृदय स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित किया है और पिछले कुछ वर्षो में इससे मौत के मामले भी बढ़े हैं। मोटापा, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी और धूम्रपान जैसी आदतों को कम करके आप अपने जोखिमों से बचाव कर सकते हैं। ये सोचना कि हृदय रोग सिर्फ उम्र बढ़ने पर ही होते हैं, ये सबसे बड़ी भूल है।



# महिलाओं के सम्मान के लिए अपनाएं ये आचरण

शारदीय नवरात्रि का पर्व इस साल 3 अक्तूबर से 11 अक्तूबर तक मनाया जा रहा है। इस दौरान देवी मां के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती नवरात्रि के समापन पर कन्या पूजन होता है, जिसमें छोटी कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनकी पूजा की जाती है। उन्हें भोजन कराया जाता है और फिर उपहार और दान दिए जाते हैं। नवरात्रि का पर्व नारी के सम्मान का प्रतीक है। मान्यता है कि जिस घर में मां दुर्गा की पूजा होती है, वहां सुख और समृद्धि बनी रहती है। यह पर्व केवल देवी की मूर्ति की पूजा ही नहीं, बल्कि हर नारी मां, बहन, बेटी का सम्मान करने का संदेश देता है।

- शारदीय नवरात्रि पर देवी रूप में पूजी जांती हैं कन्याएं

इसलिए सिर्फ कन्या पूजन ही नहीं, बल्कि हर महिला का सम्मान करें। अगर आप देवी की पूजा करते हैं, तो केवल नवरात्रि में ही नहीं, बल्कि हमेशा महिलाओं के प्रति आदर और सम्मान का भाव बनाए रखें। इस नवरात्रि, महिलाओं के सम्मान का संकल्प लें और अपने व्यवहार में बदलाव लाएं, ताकि हर महिला चाहे वह मां हो, बेटी हो या कोई और सुरक्षित और सम्मानित महसूस कर सके।



### मां को समय दें

महिलाओं का सम्मान करने के लिए आपको कुछ खास करने की जरूरत नहीं है। शुरुआत अपने घर से करें। जैसे मां दुर्गा अपने भक्तों की रक्षा करती हैं, वैसे ही आपकी मां भी आपका पालन-पोषण करती हैं और आपकी भलाई के लिए काम करती हैं। लेकिन हम अपने व्यस्त जीवन में अक्सर अपनी मां को नजरअंदाज कर देते हैं। इस नवरात्रि, संकल्प लें कि आप अपनी मां के साथ समय बिताएंगे। उनका स्वास्थ्य और जरूरतों का ख्याल रखें। रोज़ कुछ समय अपनी मां के साथ बैठकर बात करें।

### पत्नी का सम्मान करें

नवरात्रि केवल कन्या पूजन तक सीमित नहीं है। मां, बहन, और बेटी का सम्मान करने वाले कई लोग अपनी पत्नी को वह आदर नहीं देते। पत्नी को गृहलक्ष्मी और अन्नपूर्णा कहा जाता है।

### बहन को स्वतंत्रता दें

बहनें और बेटियां घर की खुशी होती हैं। देवी की पूजा करने वाले हर भक्त को अपनी बहन-बेटी की मुस्कान का ध्यान रखना चाहिए। बहन-बेटियों की सुरक्षा जरूरी है, लेकिन उन्हें बंदिशों में न बांधें। अक्सर लड़कियां परिवार के पुरुष सदस्यों की इच्छाओं के मुताबिक जीवन जीती हैं। इस नवरात्रि, संकल्प लें कि आप अपनी बहन-बेटियों को आजादी देंगे और उन्हें आत्मनिर्भर बनाएंगे।



# जिला मुख्यालयों में एक ही परिसर के अंतर्गत बनाएंगे मिनी इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स



**रायपुर।** संचालक खेल एवम युवा कल्याण तनुजा सलाम ने गुरुवार को सहायक संचालक और जिला खेल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में विशेष रूप से मुख्य बजट 2025-26 के प्रस्ताव और विजन पर चर्चा हुई। राज्य में खेल प्रशिक्षण को अत्यधिक मजबूती प्रदान करने, मानक खेल अधोसंरचनाओं की सुविधाएं विकसित करने और खेल अकादमियों की संख्या में वृद्धि करने का प्रस्ताव 2025-26 में मुख्य रूप से रहेगा। इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालयों में एक ही परिसर के अंतर्गत मिनी इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के विकास के प्रस्तावों का चयन कर रखा जाएगा।

- सहायक संचालक और जिला खेल अधिकारियों की बैठक में कई फैसले

इसके तहत जिला सरगुजा, कांकेर और सूरजपुर के खेल अधिकारियों ने उपलब्ध भूमि पर मिनी इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के प्रस्ताव भेजने सहमति दी। जिला खेल अधिकारियों को प्रस्ताव 7 दिवस में भेजने के हेतु संचालक ने निर्देशित किया। बैठक में जिला कार्यालयों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु प्रावधान करने पर सहमति बनी। विदित हो कि विगत वित्तीय वर्ष में खेल विभाग की राशि में अत्यधिक कटौती की गई थी, लेकिन विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए बजट राशि में बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

संचालक तनुजा सलाम ने बैठक में अनुपस्थित जिला खेल अधिकारी जांजगीर चांपा, सहायक संचालक दुर्ग एवम सहायक संचालक राजनांदगांव को कारण बताओ सूचना जारी करने का निर्देश दिए। उक्त बैठक के पश्चात संचालक ने बस्तर क्षेत्र में क्रियान्वित की जा रही नियाद नेल्लानार योजना के डैशबोर्ड एंट्री की समीक्षा वर्चुअल मध्यम से ली और जिला खेल अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

# घर में दूर हो सकता है वास्तु दोष, इस तरीके से

घर में वास्तु दोष हो तो कई प्रकार की परेशानियां जैसे कि पारिवारिक क्लेश, शुभ कार्यों में बाधा, तरक्की का रुक जाना, दांपत्य जीवन में दरार, घर में बीमारी का जन्म लेना, मानसिक तनाव आदि परिस्थितियां जन्म लेने लगती हैं।

घर में वास्तु दोष हो तो कई प्रकार की परेशानियां जैसे कि पारिवारिक क्लेश, शुभ कार्यों में बाधा, तरक्की का रुक जाना, दांपत्य जीवन में दरार, घर में बीमारी का जन्म लेना, मानसिक तनाव आदि परिस्थितियां जन्म लेने लगती हैं। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि घर का वास्तु दोष जल्दी से जल्दी ठीक किया जाए। इसी कड़ी में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि बिना पैसा खर्च किये बस आपको घर में मौजूद कुछ चीजों की जगह बदल देनी है, इससे आपके घर का वास्तु दोष अपने आप ही दूर हो जाएगा। आइये जानते हैं इस बारे में विस्तार से।

### घर के मंदिर का स्थान बदलें

घर में मंदिर अगर आपका गलत दिशा में है तो सबसे ज्यादा वास्तु दोष इसी कारण से पैदा होता है। ऐसे में यह जरूरी है कि घर के मंदिर को सही दिशा में रखें यानी कि पूर्व, उत्तर या उत्तर-पूर्व दिशा में रखें। अगर मंदिर पहले से ही सही दिशा में रखा हुआ है तो उसे हल्का सा हिला दें और मंदिर में



बांसुरी अवश्य रखें।

### घर के बेड का स्थान बदलें

दांपत्य जीवन की खुशहाली के लिए बेडरूम के बेड को उत्तर, पश्चिम या फिर उत्तर-पश्चिम दिशा में रखें। वहीं, बेडरूम के अलावा भी कोई और बेड घर में है तो उसे घर की दक्षिण दिशा में रखें। अगर पहले से ही सही दिशा में बेड रखें हैं तो बेड में लाल कपड़े में कलावे से बांधकर हल्दी की गांठ छुपाकर रखें।

### घर में लगे शीशे का स्थान बदलें

घर में शीशे को पूर्व या उत्तर दिशा की दीवार पर लगाना शुभ माना जाता है। अगर शीशा इस दिशा में नहीं लगा है तो लगा लीजिए और अगर लगा हुआ है तो शीशे के पिछले हिस्से पर कपूर जलाकर उससे बनने वाले काजल का टीका लगाएं।

## कार्नर न्यूज

### रिश्तों में दूरियां हो तो मुश्किलें आती हैं सामने

# दूर रह रहे पार्टनर के साथ प्लान करें वर्चुअल डेट नाइट, आपको होगा पास होने का एहसास

अक्सर अपने लोगों को यह कहते सुना होगा कि यदि किसी भी रिश्ते में भरोसा और प्यार है तो वह रिश्ता और भी ज्यादा मजबूत हो जाता है। जैसे-जैसे समय बढ़ता जाता है, आपका और आपके पार्टनर का रिश्ता और भी ज्यादा स्ट्रांग होता जाता है। ऐसा तब होता है जब आप अपने पार्टनर के साथ रहते हैं लेकिन जब आपके रिश्ते में लॉन्ग डिस्टेंस आ जाता है तो भरोसा और प्यार बरकरार रखना काफी मुश्किल हो जाता है। आजकल नौकरी की आपाधापी में कपल्स एक दूसरे से मीलों दूर रहते हैं, जिस वजह से उन्हें मिलने के लिए भी लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। ना मिल पाने की वजह से कई बार लड़ाई-झगड़े भी हो जाते हैं। अगर आप भी इसी सिचुएशन का सामना कर रहे हैं तो यह लेख आपके लिए है।



### जानें इसके बारे में

वर्चुअल डेट नाइट उन कपल्स के लिए काफी सही विकल्प है, जो एक दूसरे से मीलो दूर रहे हैं। इस वर्चुअल डेट नाइट के जरिए कपल्स एक-दूसरे के साथ समय बिता सकते हैं। भले ही वो असल जिंदगी में एक-दूसरे से दूर हों, लेकिन भावनात्मक और मानसिक रूप से वो अपने पार्टनर को वर्चुअल डेट नाइट के जरिए अपने पास पाएंगे। अगर] आप भी वर्चुअल डेट नाइट प्लान करना चाहते हैं तो कुछ आसान तरीके अपना सकते हैं।

### एक साथ खाना

भले ही आप एक-दूसरे से दूर हैं, लेकिन आप चाहें तो ऑनलाइन ही डिनर डेट प्लान कर सकते हैं। इसके लिए आप दोनों लोग एक ही प्रकार का खाना बना सकते हैं या ऑर्डर कर सकते हैं और फिर वीडियो कॉल पर एक साथ भोजन का आनंद ले सकते हैं। ध्यान रखें कि इस डेट के दौरान सिर्फ आप दोनों ही हों।

### कॉफी डेट

कॉफी डेट सिर्फ इसलिए रखी जाती है, ताकि आप वहां आराम से कॉफी पीते-पीते अपने पार्टनर के मन की बातें जान सकें। ऑनलाइन भी आप ऐसा कर सकते हैं। घर पर कॉफी बनाकर अपने पार्टनर के साथ वीडियो कॉल करें और उनके मन की बातें जानें।

### फिल्म या शो देखना

आजकल तो कितने सारे ओटीटी प्लेटफॉर्म भी हैं, जिनकी मदद से आप एक साथ एक जैसी ही फिल्म या सीरीज देख सकते हैं। इसके लिए बस अपने-अपने गैजेट पर एक जैसा शो या फिल्म लगाकर एक ही समय पर



एक ही फिल्म या शो देख सकते हैं।

### गेम्स खेलना

अगर आप दोनों को गेम्स खेलना पसंद है तो कई ऐसे एप्स आजकल उपलब्ध हैं जिनके इस्तेमाल से आप एक साथ दूर बैठे-बैठे भी गेम खेल सकते हैं।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### हेम्सवर्थ के साथ 'क्राइम 101' में दिख सकती हैं ऑस्कर विजेता हैली बेरी



ऑस्कर विजेता अभिनेत्री हैली बेरी, डॉन विंसलो की शॉर्ट स्टोरी फिल्म 'क्राइम 101' का हिस्सा बन सकती हैं। इस सिलसिले में अभिनेत्री से बातचीत चल रही है। इस फिल्म में वह अभिनेता क्रिस हेम्सवर्थ के विपरीत लीड फीमेल अभिनेत्री का किरदार निभाएंगी। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। हालांकि, फिल्म के प्लाट को अभी गुप्त रखा गया है। हालांकि, कहा जा रहा है कि फिल्म में 'हीट' की झलक देखने को मिल सकती है, जो प्रशांत तट पर एक बहुत बड़ी चोरी को दिखाएगी। डेडलाइन के मुताबिक फिल्म की शूटिंग इस महीने से शुरू होगी।

इस फिल्म का निर्देशन बार्ट लेटन कर रहे हैं और पीटर स्ट्रॉघन के साथ मिलकर इसकी पटकथा लिखी है। निर्माताओं में स्टोरी फैक्ट्री के शेन सालेर्नो, वर्किंग टाइटल के एरिक फेलनर और टिम बेवन, 'रॉ' के लेटन और दिमित्री डोगानिस और डेरिन स्लेसिंगर शामिल हैं। वहीं, 'रॉ' के जोली फेदर कार्यकारी निर्माता होंगे। डेडलाइन के मुताबिक पिछले साल हेम्सवर्थ के साथ अभिनय करने के लिए अभिनेता पेड्रो पास्कल को इस प्रोजेक्ट से जोड़ा गया था, लेकिन शेड्यूलिंग की दिक्कतों के चलते उन्होंने प्रोजेक्ट छोड़ दिया। हेम्सवर्थ अपने प्रोडक्शन पार्टनर बेन ग्रेसन के साथ मिलकर फिल्म का निर्माण भी करेंगे। अभिनेत्री हैली बेरी के शानदार अभिनय करियर में 2002 की ऐतिहासिक जीत शामिल है, जब वह 'मॉन्स्टर बॉल' में अपनी भूमिका के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेता' का 'अकादमी पुरस्कार' पाने वाली पहली और एकमात्र अफ्रीकी अमेरिकी महिला बनीं। अपनी प्रोडक्शन कंपनी 'हैलहोली' के जरिए बेरी ने लायंसगेट थ्रिलर 'नेवर लेट गो' का निर्माण किया है और जल्द ही 'मौड वर्सेज मौड' और 'द प्रोसेस' पर काम करेंगी।

## टॉलीवुड

### 'इंडियन 3' को सीधे ओटीटी पर रिलीज करने की तैयारी, आया नया अपडेट




कमल हासन और निर्देशक शंकर बहुप्रतीक्षित सीक्वल ' इंडियन 2 ' के साथ एक साथ आए थे। यह उनकी साल 1996 की फिल्म 'इंडियन' के आगे की कहानी थी। इस सीक्वल का लोगों का लंबे समय से इंतजार था। हालांकि, दर्शकों की उम्मीदों पर यह फिल्म खरी नहीं उतर सकी थी। यह फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर न चल सकी हो, लेकिन कमल हासन के फैंस इस फिल्म के तीसरे भाग का बेसब्री से इंतजार रहे हैं। इस बीच इंडियन 3 को लेकर कई तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। इस फिल्म को लेकर कहा जा रहा है कि इंडियन 3 वॉर मोड सिनेमाघरों को छोड़कर सीधा ओटीटी पर दस्तक दे सकती है। खबरों के मुताबिक फिल्म के निर्माता इसे सीधा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म की टीम ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

'इंडियन 2' में कमल हासन को सेनापति की भूमिका में भ्रष्टाचार से लड़ते हुए दिखाया गया था। एक्शन से भरपूर दृश्यों से भरी इस फिल्म के आखिर में तीसरे किस्त की ओर इशारा किया गया था। फिल्म में सिद्धार्थ , एसजे सूर्या, रकुल प्रीत सिंह, प्रिया भवानी शंकर और बॉबी सिम्हा भी प्रमुख भूमिकाओं में थे। 'इंडियन 2' का पोस्ट-क्रेडिट सीन 'इंडियन 3ः वॉर मोड' की एक झलक भी देखने को मिली थी। वर्क फ्रंट की बात करें तो कमल हासन ठग लाइफ नाम की फिल्म में भी नजर आने वाले हैं। इसका निर्देशन मणिरत्नम कर रहे हैं। वहीं, शंकर ने हाल ही में राम चरण की राजनीतिक ड्रामा ' गेम चेंजर ' की शूटिंग पूरी की है, जो जल्द ही सिनेमाघरों में आने वाली है।

## भोजपुरी

### सिंदूर-मंगलसूत्र पहने 'मातृ देवो भवः' की शूटिंग कर रहीं आम्रपाली



उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर में भोजपुरी फ़िल्म 'मातृ देवो भवः' की शूटिंग इन दिनों जोर शोर से चल रही है। लाइट कैमरा एक्शन की धमक से इन दिनों भोजपुरी फ़िल्म जगत में आम्रपाली दुबे अपनी अलग मुकाम बना चुकी हैं जहां से अब वो सिर्फ चुनिंदा फिल्मों के स्क्रिप्ट पर ही शूटिंग कर रही हैं। आम्रपाली दुबे का कहना है कि हमने अभी तक बहुतायत मात्रा में सिर्फ कमर्शियल फिल्में ही कि हैं और अभी भी लगातार कमर्शियल फिल्मों के स्क्रिप्ट ही हमारे पास आ रहे हैं लेकिन हमें अब सिर्फ कमर्शियल ही नहीं बल्कि आर्ट एंड कल्चर और सोशल जस्टिस को ध्यान में रखकर फिल्में भी करनी चाहिए। आम्रपाली का कहना है, 'हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने और सांस्कृतिक पुनरूत्थान के लिए भी जमीन से जुड़ी हुई कल्चरल फिल्में करने का भाव पैदा करना होगा। मातृ देवो भवः कुछ उसी प्रकार की स्क्रिप्ट है जिसपर काम करने के बाद हमें आंतरिक शांति का बोध हो रहा है। हमें इस दिशा में और भी ऐसी फिल्मों पर काम करना होगा। हमने लगभग 150 फिल्में और टीवी धारावाहिक में कामयाब अभिनय करके देखा है लेकिन अब सिर्फ स्टारडम से काम नहीं चलने वाला।'भोजपुरी फिल्म जगत में अपने दमदार अभिनय कौशल से बेहतरीन मुक़ाम बना चुकी सुपरस्टार अभिनेत्री आम्रपाली दुबे अभिनीत फिल्म 'मातृ देवो भवः' की शूटिंग उत्तरप्रदेश के अम्बेडकर नगर में जोर शोर से जारी है।




ब्रिटिश मॉडल लीला ग्रेस मॉस ने अपने साथियों संग हाल ही में पेरिस फैशन वीक में सर्दियों के लिए खास डिजाइन पेश की। स्टेला मेकार्टनी की इन डिजाइन को खास बर्फबारी के मौसम के लिए बनाया गया था। इसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। इसे महिलाओं के रेडी-टू-वियर फॉल-विंटर का नाम दिया गया।

# डेली वियर से लेकर पार्टी लुक के लिए पहनें जा सकते हैं सुई-धागे वाले डिजाइन के इयररिंग्स

फैशन के बदलते दौर में कुछ डिजाइंस आज भी एवरग्रीन पहनने पसंद किए जाते हैं। इसी तरह से सुई-धागा के डिजाइन हमेशा पसंद किए जाते हैं। डेली वियर के लिए पार्टी लुक के लिए इसमें आपको गोल्ड, सिल्वर, डायमंड व आर्टिफिशियल डिजाइन में कई तरह की वेरायटी देखने को मिल जाएगी।

इन इयररिंग्स में आपको झुमकी के साथ में भी काफी डिजाइंस देखने को मिलेंगे। तो आइए देखते हैं सुई-धागा इयररिंग्स की कुछ खूबसूरत डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन गोल्ड इयररिंग्स को स्टाइलिश बनाने के कुछ आसान टिप्स-



### चेन डिजाइन सुई-धागा इयररिंग्स

अगर आप वेस्टर्न से लेकर इंडो-वेस्टर्न या एथनिक लुक में कानों में सुई-धागा पहनना चाहती हैं तो इस तरह से चेन वाले डिजाइन के इयररिंग्स अपने लिए चुन सकती हैं। देखने में इसा तरह का डिजाइन हर तरह के फेस शेप को सटल लुक देने का काम करता है।

### झुमकी डिजाइन सुई-धागा इयररिंग्स

झुमकी इयररिंग्स हम सभी के चेहरे पर बेहद खूबसूरत लुक देने का काम करती है। इसमें आपको कई सारे डिजाइंस और साइज देखने को मिल जाएंगे। कोशिश करें कि इस तरह के इयररिंग्स में पार्टी लुक के लिए आप डबल झुमकी स्टाइल सुई-धागा इयररिंग्स को चुनें।

### फ्लोरल डिजाइन सुई-धागा इयररिंग्स

फ्लोरल में आपको सिंपल फूल और पत्तियों के अलावा लोटस यानी कमल के फूल के डिजाइंस में भी कई तरह के सुई-धागा इयररिंग्स देखने को मिल जाएंगे। इसमें आपको पर्ल के साथ में काफी सटल कलर ऑप्शन और मिनिमल लुक वाले डिजाइंस भी मिलेंगे।

# कूल लुक के लिए जींस के साथ वियर करें न्यू डिजाइंस वाले टॉप




आउटिंग और ऑफिस में महिलाएं जींस पहनना पसंद करती हैं। जींस में जहां वो कंफर्टेबल रहती हैं तो वहीं स्टाइलिश भी नजर आती है। लेकिन अगर आप कूल चाहती हैं तो आप जींस के साथ ये न्यू डिजाइंस वाले टॉप का चुनाव कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ फ्लोरल टॉप दिखा रहे हैं जो आप जींस के साथ स्टाइल करने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। इस तरह के टॉप में जहां आप कूल नजर आएंगी तो वहीं आप खूबसूरत भी लगेंगी।

### फ्लोरल ए-लाइन टॉप



जींस के साथ कूल लुक के लिए आप इस तरह के फ्लोरल ए-लाइन टॉप का चुनाव कर सकती हैं। यह फ्लोरल ए-लाइन टॉप कॉटन में है और सिंपल लुक पाने के लिए ये टॉप बेस्ट है। इसे आप 500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं जो कि आपको बाजार या ऑनलाइन दोनों ही जगहों पर आसानी से मिल जाएगा। इस टॉप को व्हाइट, ब्लू और ब्लैक डेनिम के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### शॉर्ट स्लीव फ्लोरल टॉप


यह शोर्ट स्लीव्स वाली फ्लोरल टॉप भी आप ऑफिस या आउटिंग के दौरान वियर कर सकती हैं। यह टॉप पॉलिएस्टर फैब्रिक में है और इसमें बेहद ही खूबसूरत फ्लोरल डिजाइन बनाया गया है।वहीं इस तरह के टॉप को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 500 रुपये से कम कीमत में खरीद सकती हैं। इस टॉप को आप ब्लैक कलर ट्राउजर या जींस के साथ आप वियर कर सकती हैं।

### कॉलर डिजाइन फ्लोरल टॉप

यह कॉलर डिजाइन फ्लोरल टॉप भी कूल लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस टॉप में बेहद ही खूबसूरत फ्लावर्स के डिजाइन बनाए गए हैं। इस तरह के टॉप को आप ऑफिस के दौरान वियर कर सकती हैं। यह कॉलर डिजाइन फ्लोरल टॉप आपको 500 रुपये से 600 रुपये की कीमत में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों पर मिल जाएगा। इस टॉप को आप डेनिम के साथ साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह पेप्लम टॉप भी आप ऑफिस या आउटिंग के दौरान वियर कर सकती हैं। इस तरह की टॉप में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा।

# आंखों में रोजाना काजल लगाने के नुकसान भी, जानना जरूरी

रोजाना काजल लगाने वाली महिलाओं को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि आप अच्छी गुणवत्ता वाले, नेचुरल और हाइपोएलर्जेनिक उत्पादों से बने काजल का इस्तेमाल कर रहीं हैं। ये थोड़े महंगे जरूर आएंगे, लेकिन इनसे आंखों को ज्यादा खतरा नहीं रहेगा। यदि आप ऐसा नहीं करेंगी तो आंखों को खतरा बना रहेगा। यहां आंखों में रोजाना काजल लगाने के पांच बड़े नुकसान बताए जा रहे हैं, जिनके बारे में हर किसी को पता होना चाहिए।



### इंफेक्शन का खतरा

बाजार में मिलने वाले काजल का इस्तेमाल अगर आप कभी-कभार कर रहे हैं, तब तो ठीक है, लेकिन ज्यादा इस्तेमाल से इंफेक्शन का खतरा हो सकता है। दरअसल, काजल में हानिकारक रसायन या बैक्टीरिया हो सकते हैं, जो आंखों में संक्रमण का कारण बन सकते हैं। ऐसे में अगर काजल इस्तेमाल कर भी रहे हैं, तो इसकी क्वालिटी का खास ध्यान रखें।

### एलर्जी का खतरा

बहुत से लोगों को ये नहीं पता होता है कि काजल से आंखों में एलर्जी भी हो सकती है। दरअसल, बाजार में मिलने वाले कई काजल में ऐसे रसायन तत्व होते हैं जो आंखों में एलर्जी का कारण बन सकते हैं। इससे आंखों में सूजन, लालिमा और जलन हो सकती है। ऐसे में यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है तो काजल कि इस्तेमाल से बचें। संवेदनशील त्वचा वाले लोगों की आंखें और भी ज्यादा संवेदनशील होती हैं।

# साड़ी के साथ बालों में लगाएंगी गजरा तो निगाहें नहीं हटेंगी , मिलेगी तारीफ

ट्रेडिशनल लुक में जान डालने के लिए लेटेस्ट डिजाइन के कपड़ों के साथ-साथ इनकी स्टाइलिंग भी सही तरीके से की जानी बेहद जरूरी होती है। स्टाइलिंग की बात करें तो इसमें सही हेयर स्टाइल चुनना और इन्हें स्टाइल करने के लिए हेयर एक्सेसरीज का रोल अहम होता है।

आजकल नकली से ज्यादा असल फूलों से बनी हेयर एक्सेसरीज को सबसे ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं गजरे को बालों में अलग-अलग तरह से स्टाइल करने के आसान तरीके। साथ ही, बताएंगे इन गजरों को बालों में लगाने के आसान हैक्स-



### जुड़े में कैसे लगाएं गजरा?

बालों में गजरे लगाना लगभग हम सभी पसंद करते हैं। सिंपल और बोरिंग जुड़े को आप इस तरह से गजरे से कवर करके फैंसी और स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। बता दें कि गजरे के जाल से लेकर बाहरी तरफ से गोलाई में लगाकर भी गजरे से जुड़े को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। स्लीक स्टाइल हेयर स्टाइल में यह एक्सेसरी सबसे ज्यादा पसंद की जाती है। आप चाहें तो डोनट लगाकर सिंपल बन के साथ में लपेट कर भी बन को पूरा कर सकती हैं।

### फूलों को जुड़े में कैसे लगायें?

सिंपल गजरे के अलावा आप बालों में ताजे फूलों को अलग-अलग तरह से स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए आप छोटी कलियों वाले रंग-बिरंगे फूलों को जुड़े पर लगा सकती हैं। इसके लिए आप मोगरे के फूलों को अलग-अलग करके छोटे साइज के फूलों के साथ पिन लगाकर बालों में लगा सकती हैं।

कार्नर न्यूज

आपके शरीर के शेप के अनुसार फिटिंग होनी चाहिए टी शर्ट की

# स्टाइलिश लुक के लिए मुश्किल नहीं परफेक्ट टी-शर्ट मिलना, जानें टिप्स

*टी-शर्ट एक ऐसा परिधान है, जो लड़कियों के साथ-साथ लड़कों तक के पास मिलेगा। एक तो इसे कैरी करना काफी आसान होता है। वहीं ये शर्ट के मुकाबले में सस्ती आती हैं। यही वजह है कि आज के समय में हर कोई शर्ट से ज्यादा टी-शर्ट पहनना पसंद करता है। इसे जींस के अलावा पैंट के साथ भी पहना जा सकता है।*



बहुत से लड़के तो टी-शर्ट को ब्लेजर के साथ कैरी करते हैं, जिसकी वजह से लुक भी स्टाइलिश लगता है। ऐसे में अगर आप टी-शर्ट खरीदने जा रहे हैं तो यहां हम आपको सही टी-शर्ट चुनने के टिप्स देने जा रहे हैं, जिसे फॉलो करके आप अपने लिए परफेक्ट टी-शर्ट सेलेक्ट कर सकते हैं। इन टिप्स को फॉलो करने के बाद आपका लुक भी स्टाइलिश दिखेगा।

### सही हो साइज



अक्सर आप टी-शर्ट का साइज ही गलत चुनेंगे तो आपका लुक बिगड़ सकता है। दरअसल, टी-शर्ट न बहुत टाइट होनी चाहिए और न ही बहुत ढीली। ये हमेशा आपके शरीर के शेप के अनुसार फिटिंग होनी चाहिए।

### सही हो फैब्रिक

टी-शर्ट खरीदते वक्त ध्यान रखें कि इसका फैब्रिक मौसम के हिसाब से ही होना चाहिए। जैसे कि अभी बारिश और गर्मी का मौसम कॉटन, पॉलिएस्टर या मिश्रित फैब्रिक वाली टी-शर्ट्स लें। ये जल्दी सूखती हैं, ऐसे में ये खेल या एक्सरसाइज के लिए भी अच्छी होती हैं।

### क्वालिटी हो सही

टी-शर्ट खरीदते वक्त उसकी क्वालिटी का ध्यान अवश्य रखें। अच्छी गुणवत्ता वाली टी-शर्ट्स लंबे समय तक चलती हैं और धुलाई के बाद भी खराब नहीं होतीं। वरना एक ही धुलाई में इसका लुक खराब हो जाता है।